28- JAN- COR- MAIN- Pg- 1 FULL PAGE_Layout 1 1/28/2024 9:17 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024


# जय माँ समलेई

समलेई प्रकल्प
२७ जनवरी, २०२४



माँ समलेई के आशीर्वाद और असंख्य श्रद्धालुओं के सहयोग से,
**'समलेई प्रकल्प'** का लोकार्पण सफलतापूर्वक संपूर्ण हुआ।
सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक धन्यवाद! आइए और
माँ समलेश्वरी मंदिर की दिव्यता और सांस्कृतिक उत्सव का अनुभव करिये।

बिलासपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024
haribhoomi.com
देश-विदेश हरिभूमि

*लंबे समय तक बेहद तेज शोर में रहने के कारण वीडियो गेमर्स के सुनने की क्षमता प्रभावित हो रही है। यह शोर उनके सुनने की क्षमता को इस कदर नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे उबर पाना मुमकिन नहीं है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है। अनुमान है कि 2022 के दौरान दुनियाभर में इन गेमर्स का आंकड़ा 300 करोड़ से ज्यादा था।*

**विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट**

**गेम खेलने वालों का आंकड़ा 300 करोड़ पार**

# वीडियो गेम की वजह से बच्चों की छिन रही सुनने की क्षमता


**शोधकर्ताओं ने की उत्तरी अमेरिका, यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और एशिया के अध्ययनों की समीक्षा**

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) सहित अंतराष्ट्रीय शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार, वीडियो गेमर्स खासतौर से बच्चे और नौजवान रोडरैश, नीड फॉर स्पीड जैसे कंप्यूटर गेम्स हों या मोबाइल पर चलने वाले एंग्री बड्र्स, कैंडी क्रश, पब्जी, कॉल ऑफ ड्यूटी जैसे गेम के दीवाने बन चुके हैं। इन खेलों का जूनून कुछ ऐसा है कि वे घंटों कंप्यूटर, मोबाइल फोन और अन्य गेमिंग उपकरणों से चिपके रहते हैं। जो अभिभावक ध्यान नहीं दे रहे हैं उनके बच्चे इसकी लत का शिकार हो चुके हैं। यह न केवल उनके शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है।

### हेडफोन बढ़ा रहे परेशानी

ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (बीएमजे) पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, वीडियो गेमर्स अक्सर कई घंटों तक तेज आवाज में इन वीडियो गेम को खेलते हैं। उनके हेडफोन परेशानी बढ़ा देते हैं। इस दौरान अक्सर ध्वनि का स्तर कानों के लिए निर्धारित सुरक्षित सीमा के या तो करीब या उससे अधिक होता है।



**टिनिटस की समस्या, सुनाई देने लगती हैं आवाजें**

शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका, यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और एशिया के नौ देशों में प्रकाशित 14 अध्ययनों की समीक्षा की है, जिनमें 53,833 लोगों को शामिल किया गया। इसमें सामने आया कि इन वीडियो गेमर्स में टिनिटस की समस्या भी देखी गई है। इसके पीड़ितों को अक्सर कान में रह रहकर घंटी, सीटी और सनसनाहट जैसी आवाजें सुनाई पड़ती हैं। यह समस्या रात में सोते वक्त और गंभीर हो सकती है।

### 80 डेसिबल का शोर सुरक्षित नहीं

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एक वयस्क यदि सप्ताह में 40 घंटे तक 80 डीबी से ज्यादा शोर में रहता है तो वह उसके लिए सुरक्षित नहीं है। यह शोर करीब-करीब एक दरवाजे की घंटी से होने वाली आवाज के बराबर है। यदि कोई सप्ताह में 20 घंटे से ज्यादा समय 83 डीबी शोर में रहता है तो वह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। इसी तरह सप्ताह में किसी वयस्क को 86 डीबी शोर में केवल 10 घंटे, 90 में चार घंटे, 92 में ढाई घंटे, 95 में एक घंटा और 98 डीबी में 38 मिनट से ज्यादा नहीं रहना चाहिए।

**बच्चों के लिए मानक :** बच्चों के लिए जो मानक तय किए गए हैं उनके तहत कोई बच्चा सप्ताह में केवल 40 घंटे तक 75 डेसिबल के शोर में सुरक्षित रह सकता है। इसके बाद बच्चे 83 डीबी में करीब साढ़े छह घंटे, 86 में 3.25 घंटे, 92 में 45 मिनट तक और 98 डीबी शोर को प्रति सप्ताह केवल 12 मिनट तक सुरक्षित रूप से सुन सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### एक देश एक चुनाव पर कोविंद ने की चर्चा



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति और एक देश, एक चुनाव' पर उच्चस्तरीय समिति के प्रमुख राम नाथ कोविंद ने एक साथ चुनाव के मुद्दे पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ परामर्श किया। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ अपने विचार-विमर्श को जारी रखते हुए, कोविंद ने मेघालय उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा से मुलाकात की, जिन्होंने इस विषय पर अपनी राय दी।

### हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं : राज ठाकरे



**मुंबई।** नवी मुंबई के सिडको प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित विश्व मराठी सम्मेलन में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है। यहां राज ठाकरे ने एक बार फिर मराठी कार्ड खेलते हुए कहा कि हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं है। जब महाराष्ट्र के शहरों में मराठी छोड़ कर हिंदी मेरे कानों में आती है तो परेशानी शुरू हो जाती है।

### नौकरी करने वाले नहीं देने वाले बनें : प्रधान



**मुंबई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने में शिक्षा और तकनीक का योगदान अहम होगा। आईआईएम मुंबई के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे विकसित इकोनॉमी बन सकती है और विकसित भारत मे हम दुनिया को साथ लेकर चलेंगे।

**इंडिया गठबंधन को छोड़कर भाजपा से मिला लिया है हाथ**

# पाला बदलने के लिए राजद से ज्यादा कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रहे नीतीश

**विपक्षी एकजुटता के लिए कांग्रेस पर निष्क्रियता का लगाया आरोप**



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में तीन दिनों से जारी सियासी ड्रामे का अंत हो गया और एक बार फिर नीतीश कुमार एनडीए के खेमे में शामिल हो गए हैं। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार के पाला बदलकर एनडीए में शामिल होने के फैसले को इंडिया ब्लॉक के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। नीतीश की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने भी इस कदम के लिए लालू की पार्टी आरजेडी को कम और कांग्रेस को ज्यादा जिम्मेदार ठहराया है।

राजभवन से बाहर आने के बाद जब नीतीश कुमार से महागठबंधन से बाहर जाने का कारण पूछा गया तो उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर आरजेडी पर हमला बोलने की बजाय कांग्रेस को ही जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, इस्तीफा देने की नौबत इसलिए आई क्योंकि सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था। हमने कुछ बोलना छोड़ दिया था, सबकी राय आ रही थी, पार्टी की राय थी चारों तरफ से कहा जा रहा था जिसके बाद हमने ये फैसला लिया। नीतीश कुमार ने इंडिया ब्लॉक को लेकर कहा कि हमने विपक्ष को एकजुट करने में बहुत मेहनत की लेकिन उधर (कांग्रेस) से कुछ हो ही नहीं रहा था। जो गठबंधन बनाया था उसमें भी इधर आकर स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। जिस तरह का दावा किया जा रहा था एक पार्टी की तरफ से वो हमलोगों को खराब लग रहा था।

## नीतीश की रणनीति

अब ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर नीतीश या जेडीयू ने गठबंधन टूटने के बाद आरजेडी या लालू परिवार पर सीधा हमला बोलने की जगह कांग्रेस को इसके लिए क्यों जिम्मेदार ठहराया। इस रणनीति के पीछे कई अहम कारण हैं। दरअसल, महागठबंधन के साथ बीते 17 महीनों के नेतृत्व में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव या आरजेडी कोट के मंत्री ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिसको लेकर कोई बवाल या बखेड़ा हो और नीतीश कुमार के लिए असहज स्थिति बने. आरजेडी पर नीतीश कुमार के ज्यादा हमलावर नहीं होने का दूसरा सबसे बड़ा कारण ये भी है कि एनडीए नीतीश कुमार के जरिए बिहार और देश के लोगों को ये संदेश देना चाहती है कि इंडिया गठबंधन में आपसी नेतृत्व की लड़ाई है और इन्हें देश की नहीं बल्कि अपने-अपने हितों की चिंता है। चूंकि नीतीश कुमार इंडिया ब्लॉक को अस्तित्व में लाने वाले प्रमुख नेताओं में से एक रहे हैं ऐसे में लोगों के बीच यह संदेश जा सकता है कि जब इसे बनाने वाले नेता ही गठबंधन को छोड़ रहे हैं तो इस गठजोड़ का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है और लोग एनडीए को ही विकल्प के तौर पर देंखेंगे। यही वजह है कि महागठबंधन टूटने और नीतीश कुमार के एनडीए के पाले में शामिल होने के बाद जेडीयू महासचिव और मुख्यमंत्री के करीबी केसी त्यागी ने इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कई कारण भी गिनाए।

### एनडीए के लिए मजबूत मंच तैयार करना मकसद

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के बीच ही होना है। उससे पहले नीतीश और उनकी पार्टी जिस तरह कांग्रेस पर हमलावर है वो इन चुनावों के लिए एनडीए का मजबूत मंच तैयार कर रहा है। आरजेडी पर नीतीश सवाल उठाते तो सवाल उनपर भी उठते कि आरजेडी का अतीत जानते हुए और उसके साथ एक बार सरकार चलाने के अनुभव अच्छे न रहने के बावजूद उन्होंने कैसे दूसरी बार तेजस्वी की पार्टी की हाथ मिलाया। इसलिए नीतीश और जेडीयू का पूरा जोर इस पाला बदल के लिए कांग्रेस को ही जिम्मेदार ठहराने पर है।

**जदयू चीफ के पाला बदलने पर बिफरे हैं नेता**

# तेजप्रताप का नीतीश पर तंज- 'गिरगिट तो यूं ही बदनाम है'

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार में हुए सियासी उलटफेर के बाद लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने नीतीश कुमार पर तंज कसा है, तेजप्रताप ने कहा कि गिरगिट तो बस यूं ही बदनाम है, रंग बदलने की रफ़्तार से तो 'पलटिस कुमार' को भी गिरगिट रत्न से सम्मानित करना चाहिए। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार कहते थे कि प्रदेश के युवाओं को नौकरी देना असंभव है। पैसे कहां से लाएंगे, लेकिन हमने जेडीयू के गठबंधन के साथ 9 अगस्त 2022 को सरकार बनाने के बाद 15 अगस्त को (महज 7 दिन के अंदर) नीतीश कुमार से नौकरियों का ऐलान करवा दिया था। ये हमारा विजन था। तेजस्वी ने कहा कि हमने जिस हिसाब से विकास के काम किए। हमारे मंत्रियों ने लगातार नौकरियां देने का काम किया, पिछले 17 महीने में जितना काम हुआ है, उतना देशभर में नहीं हुआ. बीजेपी और नीतीश कुमार की सरकार भले ही 17 साल रहे, लेकिन हमारी बराबरी नहीं कर सकते।

### वो चतुर नहीं बल्कि धूर्त हैं : प्रशांत कुमार



जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि वो निहायत ही धूर्त इंसान हैं। पूरे बिहार की 13 करोड़ जनता को धूर्त बनाकर ठग रहे हैं। जनता अगले चुनाव में सूद समेत इसका हिसाब करेगी। प्रशांत ने तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा है कि नीतीश कुमार और राजद को यह बताना चाहिए कि आप लोग जो राजनीति करते है वो पैसा कहां से आ रहा है। जन स्वराज यात्रा खत्म होने के बाद वह यात्रा में खर्च हुए एक एक पैसे का हिसाब देंगे। प्रशांत किशोर ने कहा की नीतीश कुमार के अपने सपोर्टर नेता या आम लोगों से बात करें तो हर एक कोई आज नीतीश कुमार के लिए अपशब्द और गलत बोल रहा है।

**छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**

# भारतीय नौसेना ने हूती हमले से बचाया ब्रिटिश जहाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में हूती हमले से एक और मालवाहक जहाज को बचाया है। जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया था, जिससे जहाज पर भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना ने हमले की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर जहाज को बचाया। कई घंटे की मशक्कत के बाद जहाज पर लगी आग पर काबू पाया जा सका। ब्रिटिश व्यापारिक जहाज मार्लिन लाउंडा पर शनिवार को अदन की खाड़ी से गुजरते हुए हूती विद्रोहियों ने मिसाइल हमला किया था। इस हमले के चलते जहाज पर आग लग गई थी। जहाज के चालक दल में 22 भारतीय और बांग्लादेशी नागरिक शामिल है। हमले के बाद जहाज के क्रू ने भारतीय नौसेना से मदद मांगी। इस पर नौसेना ने अपना युद्धक जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम को ब्रिटिश व्यापारिक जहाज को मदद के लिए रवाना किया। नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि 10 फायर फाइटर्स की एक टीम ने जहाज पर लगी आग को करीब छह घंटे में कंट्रोल कर लिया। जहाज पर नौसेना के कर्मी मौजूद हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं कि कहीं फिर से तो आग भड़कने की आशंका नहीं है।



# जलपाईगुड़ी में जनता जनार्दन से रूबरू

### दो दिन के विश्राम के बाद सफर पर निकली राहुल की न्याय यात्रा

**कोलकाता।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विश्राम के बाद रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले से फिर शुरू हो गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक एसयूवी पर सवार होकर अधीर रंजन चौधरी के साथ जलपाईगुड़ी पहुंचे। उन्होंने यहां मौजूद लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि यात्रा रात में सिलीगुड़ी के पास रुकेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा सोमवार को बिहार में प्रवेश करने से पहले उत्तर दिनाजपुर और इस्लामपुर जिले जाएगी। इससे पहले दिन में अधीर रंजन चौधरी ने सिलीगुड़ी में बागडोगरा हवाई अड्डे पर राहुल गांधी का स्वागत किया। यात्रा 31 जनवरी को मालदा होते हुए पश्चिम बंगाल में फिर प्रवेश करेगी और फिर मुर्शिदाबाद होते हुए एक फरवरी को राज्य से रवाना होगी। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है और उनसे राज्य में न्याय यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि कुछ शरारती तत्व फिर से यात्रा में परेशानी पैदा कर सकते हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि बंगाल में यात्रा को सुचारू रूप से निकालने और राहुल गांधी सहित सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उचित निर्देश जारी करें।



**केंद्रीय गृह मंत्रालय की रिपोर्ट**

# साइबर क्राइम : बढ़ी जागरुकता, शिकायतों में 60 फीसदी इजाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में साइबर अपराधों के खिलाफ दर्ज हाने वाली शिकायतों में पिछले एक वर्ष में 60 फीसदी की वृद्धि हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन साइबर विंग के तहत संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 2021 से 2022 के दौरान साइबर अपराध की शिकायतों में 113.7 फीसदी और 2022 से 2023 के दौरान 60.9 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज की जाने वाली शिकायतों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। 2023 में पोर्टल पर साइबर अपराधों के खिलाफ 15,56,176 शिकायतें दर्ज हुईं। जबकि, 2022 में 9,66,790, 2021 में 4,52,414, 2020 में 2,57,777 और 2019 में 26,049 शिकायतें दर्ज की गई थीं। विशेषज्ञों के मुताबिक बढ़ती शिकायतें चिंता की नहीं, बल्कि राहत की बात हैं। इससे यह पता चलता है कि लोगों में साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ रही है और वे सही मंच पर शिकायत दर्ज करा रहे हैं।



### 70 फीसदी न्याय प्रणाली होगी ऑनलाइन

आने वाले दिनों में देश में साइबर अपराध से जुड़ी न्याय प्रणाली का 70 फीसदी हिस्सा ऑनलाइन हो जाएगा, जिसमें जेल और अदालतें शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी 2020 में शुरू किए गए शिकायत पोर्टल पर 20 लाख से ज्यादा साइबर क्राइम की शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिसके आधार पर 40,000 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं।



# लोस चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे कांग्रेस के दिग्गज, भूपेश, टीएस के बाद धनेंद्र की भी अनिच्छा, कई बोले-तय नहीं, पर पार्टी कहेगी तो लड़ेंगे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में मंथन और चिंतन का दौर शुरू हो चुका है और प्रदेश के लिए बनाई गई स्क्रीनिंग व प्रदेश चुनाव कमेटी में कई नामों की गूंज है, लेकिन कांग्रेस के कई दिग्गज नेता चुनाव लड़ना ही नहीं चाहते, कई का कहना है, पार्टी का आदेश मानेंगे। गौरतलब है, स्क्रीनिंग समिति के अधिकांश लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व मंत्रियों समेत कई नामों पर विचार करने के बाद चुनाव लड़ने का प्रस्ताव उनके सामने रखा। समिति के प्रस्ताव पर कई दिग्गज नेताओं ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा चुनाव लड़ने में अनिच्छा जाहिर की है, वहीं प्रदेश के दूसरे दिग्गज नेता टीएस सिंहदेव ने भी व्यक्तिगत कारणों से चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। ऐसा माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद कई दिग्गज कांग्रेस नेता लोकसभा चुनाव लड़ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

## स्क्रीनिंग समिति में कई दिग्गजों को चुनाव लड़ाने पर चर्चा

- विधानसभा चुनाव में कड़ी हार के बाद कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं में तरह-तरह के लग रहे कयास



### टीएस सिंहदेव बोले- नहीं लड़ूंगा चुनाव

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने लोकसभा चुनाव लड़ने में अनिच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर लोकसभा सीट आरक्षित है। बिलासपुर लोकसभा से नाम की चर्चा पर उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत कारणों से चुनाव नहीं लड़ूंगा।

### ताम्रध्वज ने कहा- पार्टी के आदेश का पालन करेंगे


लोकसभा चुनाव को लेकर हुई स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में मैं नहीं था। मुझे नहीं मालूम, किन नामों पर चर्चा हुई है। चुनाव को लेकर पार्टी का जो आदेश होगा, उसका पालन करूंगा।

### अब तक कोई फैसला नहीं लिया : बैज



लोकसभा चुनाव को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अब तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। अगर हमसे कोई बेहतर प्रत्याशी रहा तो उसे भी मौका मिलेगा। लोकसभा में दावेदारी कम रहती है, चिन्हांकित रहती है। प्रत्याशी चयन में कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है।

### इच्छा नहीं, पर पार्टी का आदेश मानेंगे : धनेंद्र



पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा, मेरी चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है। अगर पार्टी आदेश देगी तो उसका पालन करूंगा।

### पार्टी कहेगी तो लड़ेंगे : डहरिया



लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने कहा, लोकसभा चुनाव को लेकर अभी पार्टी ने कोई नाम तय नहीं किया है। अगर पार्टी से टिकट मिला तो चुनाव लड़ेंगे।

---

बिहार में नीतीश का खेला, भाजपा से मेल कर बनाई सरकार, रिकॉर्ड 9वीं बार ली सीएम पद की शपथ

दो डिप्टी सीएम के साथ छह मंत्रियों ने ली शपथ

**जातीय समीकरण**

| | |
|---|---|
| कुर्मी | 2 |
| भूमिहार | 2 |
| राजपूत | 1 |
| यादव- | 1 |
| पिछड़ा- | 1 |
| अति पिछड़ा | 1 |
| महादलित | 1 |

# सुबह कुर्सी छोड़ी, पाला बदला और शाम को फिर बन गए मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे के साथ ही बिहार में 17 महीने पुरानी महागठबंधन सरकार का सुबह अंत हो गया है। नीतीश ने पाला बदला और एनडीए विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार ने शाम को 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शपथ ग्रहण में शामिल रहे। इसके साथ ही दो डिप्टी सीएम के साथ छह मंत्रियों ने भी शपथ ली।*

एजेंसी ▶▶| पटना

जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली। यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुमार के साथ भाजपा के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी एवं प्रेम कुमार और जद (यू) के विजेंद्र यादव एवं श्रवण कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। इसके अलावा एचएएम के संतोष कुमार सुमन, सुमित कुमार सिंह (निर्दलीय) ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नयी सरकार में मंत्रिपद की शपथ ली। कांग्रेस ने उनकी तुलना 'गिरगिट' से की और कहा कि राज्य के लोग धोखा देने के इस विशेषज्ञ और उन्हें अपने इशारों पर नचा रहे लोगों को कभी माफ नहीं करेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल राजेन्द्र वी आर्लेकर को रविवार सुबह अपना इस्तीफा सौंप दिया। कुमार ने दिन में यह ▶▶|शेष पेज 4 पर



**इन नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ :** विजय चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, श्रवण कुमार, संतोष कुमार सुमन (संतोश मांझी), सुमित कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इन मंत्रियों में सबसे अधिक चर्चा एनडीए के घटक दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने बेटे संतोष कुमार सुमन की हुई। वे पिछले तीन दिन से चर्चा में थे। इनकी पार्टी से चार विधायक हैं।

**नीतीश बोले**

### जल्द होगा मंत्रिमंडल विस्तार

शपथ ग्रहण समारोह के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम भाजपा के साथ पहले भी थे, बस बीच में कहीं चले गए थे। उन्होंने कहा कि हम बिहार के हित के लिए काम करते हैं। बहुत जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। दोबारा दल बदलने के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अब इधर-उधर जाने का कोई सवाल ही नहीं है।

### सभी सीटें जीतेंगे

उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 की 40 सीटें जीतेंगे। 2020 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव के पूरे परिवार को हराकर हम चुनाव जीतकर आए थे, आगे भी उन्हें हराएंगे।

## पीएम मोदी आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे। चर्चा एक



दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है। जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा, परीक्षा पे चर्चा' का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं।

## यूजीसी के दिशा-निर्देश | आरक्षित पदों पर उम्मीदवार नहीं तो हटाया जा सकता है आरक्षण!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- रिक्त पदों पर भर्ती के लिए यूजीसी नए मसौदा में दिए सुझाव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नये मसौदा दिशानिर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नये मसौदा दिशानिर्देशों में यह जानकारी दी गई है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश' हितधारकों की आपत्ति और सुझाव के खातिर सार्वजनिक किए गए हैं। मसौदा दिशा-निर्देश में कहा गया, अनुसूचित ▶▶|शेष पेज 4 पर




### यूजीसी के दिशा-निर्देशों पर भड़के

इन दिशानिर्देशों पर कई जगहों से तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। जवाहर लाल नेहरू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और यूजीसी अध्यक्ष एम जगदीश कुमार का पुतला जलाने का ऐलान किया है। दिशानिर्देशों की आलोचना पर कुमार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### ग्रुप ए के लिए ही आरक्षण रद्द का प्रस्ताव

मसौदे के अनुसार, चूंकि समूह 'ए' सेवा में कोई रिक्ति सार्वजनिक हित में खाली नहीं छोड़ी जा सकती, ऐसे में इस तरह के दुर्लभ और असाधारण मामलों में संबंधित विश्वविद्यालय रिक्ति के आरक्षण को रद्द करने का प्रस्ताव तैयार कर सकता है। अपने प्रस्ताव में उसे बताना होगा कि पद भरने के लिए कितनी बार प्रयास किए गए, रिक्ति को क्यों खाली नहीं रखा जा सकता और आरक्षण रद्द करने का औचित्य क्या है।






## टेस्ट में टीम इंडिया की शर्मनाक हार


**हैदराबाद।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का




पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीत लिया है। इस मैच में जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पांच मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम के लिए यह हार बेहद शर्मनाक है। मैच की चौथी पारी में भारत सिर्फ दो सत्र में ऑल आउट हो गया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 246 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 420 रन बनाए और भारत के सामने 231 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में टीम इंडिया 202 रन पर सिमट गई और मैच हार गई। अपने घर में भारतीय टीम आखिरी टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ ही हारी थी।

## गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए



गए। भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। भूकंप के झटके रविवार शाम चार बजकर 45 मिनट पर महसूस किये गये और भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 21 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। वर्ष 2001 में कच्छ जिले में जबरदस्त भूकंप आया था जिसमें कई कस्बे और गांव प्रभावित हुए थे।

चिंतन

# बिहार में उम्मीदों के रथ पर सवार भाजपा-जदयू

बिहार का राजनीतिक समीकरण फिर से बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजग में आ गए हैं और बिहार में राजग की सरकार बन गई है। वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू-भाजपा गठबंधन वाले राजग को ही जनादेश मिला था। वर्ष 2022 में नीतीश ने जनादेश का अपमान करते हुए राजद व कांग्रेस के साथ महागठबंधन में जाकर सरकार बना ली थी, अब वर्ष 2024 तक आते आते करीब दो साल में उन्हें अपने राजनीतिक नुकसान का अंदाजा हुआ तो, उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए फिर से भाजपा के साथ सरकार बना ली। नीतीश को अपने पाले में लाकर भाजपा ने एकसाथ कई राजनीतिक निशाने साधे हैं। पहली बात तो नीतीश को अपने खेमे में लाकर भाजपा ने विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' को कमजोर कर दिया। दूसरी बात, महागठबंधन से जदयू के निकल जाने से राजद, कांग्रेस व वामदलों के गठबंधन कमजोर हो गए हैं। तीसरी अहम बात कि नीतीश कुमार को साथ लाकर भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग को मजबूत कर लिया है। बिहार में लवकुश (कुर्मी-कोइरी) समीकरण (लगभग छह प्रतिशत) के वोटबैंक बन गए हैं। नीतीश कुमार के महादलित व अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) वोट बैंक, जो करीब क्रमशः करीब 19 फीसदी व 36 फीसदी हैं, के अब भाजपा के साथ आ जाने से करीब साठ फीसदी वोटबैंक राजग के बन गए हैं। अब बिहार में महादलित, अत्यंत पिछड़ा व सवर्ण का सोशल समीकरण बन गया है, जो राजग के लिए अहम साबित होगा। नीतीश कुमार के जाति जनगणना मुद्दे की हवा निकल गई है। इससे पहले 2005 में, 2010 में, 2019 में और 2020 में इस समीकरण की बदौलत भाजपा व जदयू ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वर्ष 2024 के लिए इसी तरह के प्रदर्शन दोहराने के लक्ष्य के साथ भाजपा व जदयू दोनों उम्मीदों के नए रथ पर सवार हो गए हैं। वर्ष 2013 में जब एनडीए से अलग हुए तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में व 2015 के विधानसभा में जदयू का बुरा हश्र हुआ था। इस बार राजग का लक्ष्य बिहार के सभी 40 लोकसभा सीट हैं, जो जदयू के बिना संभव नहीं था। भाजपा के लिए महाराष्ट्र से अच्छी रिपोर्ट नहीं है, तेलंगाना व कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बन चुकी है, तमिलनाडु व झारखंड की स्थिति भी अलग है, पश्चिम बंगाल में ममता को मात देना आसान नहीं है, ऐसे में बिहार को सुनिश्चित करना जरूरी है। राम मंदिर के बाद बने माहौल, नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में अगर नीतीश कुमार की सुशासन छवि जुड़ जाएगी, तो भाजपा के लिए बिहार फतह करना आसान हो जाएगा। बेशक हाल के दिनों में जदयू व भाजपा के बीच खटास रहे, लेकिन राजनीति में इन सबके लिए स्थाई जगह नहीं होती है। महागठबंधन से बाहर निकलने के लिए जदयू ने जिस तरह कांग्रेस के सिर ठिकरा फोड़ा है और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के बाद बने सियासी माहौल को भुनाया है, उससे साफ है कि नीतीश कुमार भविष्य की राजनीति के लिए सेफ गेम की तलाश में थे। नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि देते बिना किसी का नाम लिए कहा कि कर्पूरी ठाकुर अपने परिवार का पक्ष नहीं लेते थे लेकिन आज लोग परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं, उनका सीधा निशाना लालू यादव पर था। भाजपा परिवारवाद व वंशवाद की राजनीति पर कड़ा प्रहार करती रही है।



उम्मीद
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है।

# अंतरिम बजट के होंगे चुनावी रंग

एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की तैयारियों का अंतिम चरण 24 जनवरी को हलवा वितरण समारोह के साथ आरंभ हुआ। पिछले तीन पूर्ण बजट की तरह नया अंतरिम बजट भी पूरी तरह से पेपरलेस होगा। वस्तुतः इस समय पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री के द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है।

वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है, लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोक लुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं।

निसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा और आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहाँ पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपए के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। निसंदेह वित्तमंत्री के मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर



संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा वित्तमंत्री के पास कुछ और अनुकूलताएं भी हैं, जिनके मद्देनजर वे उपयुक्त जरूरी राहत दे सकती हैं। इस वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वे अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं। यह बात भी स्पष्ट रूप से उभरकर दिखाई दे रही है कि पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूँकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं।

नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग कोकुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है।नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपए से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहाँ विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढाँचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें। यह भी संभव है कि नए अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल जैसी सामाजिक मदों में खर्च की बढ़ोतरी हो। इन दिनों वेतनभोगी (सेलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हेंकुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत लगभक 50 हजार रुपए तक की राहत मिल सकती है। मानक कटौती सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये किए जाने और जिन मकानों में व्यक्ति खुद रह रहा हो, उस पर लिए गए आवास ऋण पर ब्याज पर कर छूट की सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर कम से कम 2.5 लाख रुपये किए जाने की अपेक्षा है।

चूंकि पीएम नरेंद्र मोदी वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे हैं। ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोक लुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। अगले दो वर्षों में 1.4 फीसदी की कमी चुनौतीपूर्ण होगी। ऐसे में वित्तमंत्री के लिए अंतरिम बजट में कई चुनौतियां होंगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजनीति
सुरेश हिंदुस्तानी



# तार-तार होता कांग्रेस का विपक्षी एकता का सपना

वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे हैं। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है। पश्चिम बंगाल और पंजाब की राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते।

आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस अन्य राजनीतिक



दलों उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता। एक समय गठबंधन के मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अब विपक्षी गठबंधन को बाय बाय कह चुके हैं। वे राजग में लौट आए हैं। बिहार में नीतीश कुमार राजग की सरकार बना चुके हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नीतीश कुमार को उतना राजनीतिक महत्व देना नहीं चाहती, जो वह चाहते थे। नीतीश के कदम ने कांग्रेस को झटका दे दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया से नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के निकलने को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भले ही न्यायालय के आदेश पर हुआ हो, लेकिन इसके लिए भाजपा के योगदान को आज पूरा देश जानता है। आज बिहार की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह कहना ठीक ही होगा कि वहां भले ही राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड के बीच बेमेल गठबंधन बनाकर सरकार का संचालन किया जा रहा था, लेकिन इन दोनों दलों के बीच विचारों की एकता नहीं थी। दोनों ही दल अपनी अपनी दाल पकाने में व्यस्त रहे। कहा तो यह भी जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव अपने पुत्र को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करने की राजनीति करने लगे थे। जिसे लिए जदयू में तोड़ फोड़ की भी असफल कोशिश की गई थी।

इसी प्रकार की स्थिति उत्तरप्रदेश की है, जहां कांग्रेस की राजनीतिक जमीन शून्यता की ओर कदम बढ़ा रही है। बसपा पहले ही एकला चलो का ऐलान कर चुकी है। बिहार का हश्र देखने के बाद सपा के साथ अंतिम समय में सीट शेयरिंग की है कांग्रेस ने। इस प्रकार की परिस्थिति के बीच कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य की तस्वीर में किस प्रकार से रंग भरेगी, यह फिलहाल कहना मुश्किल है। कुल मिलाकर यही कहा जाएगा कि विपक्ष की एकता जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसके समक्ष एक एक करके बड़े अवरोध भी स्थापित हो रहे हैं। इस अवरोधों का सामना करने की हिम्मत एकता से ही संभव हो सकती थी, जो फिलहाल असंभव सा ही लग रहा है। ऐसा लगने लगा है विपक्षी एकता के प्रयास तार-तार हो रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की अपनी राजनीति एक बड़ी बड़ी वजह है। विपक्षी राजनीतिक दलों को भविष्य की राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है तो उसे भाजपा नीत राजग के बरक्श पूरी तैयारी के साथ आगे आना होगा, जो फिलहाल दिखाई नहीं दे रही है। कांग्रेस को केवल अपने बारे में सोचने से बात नहीं बनेगी, सबको साथ लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## रिलेशनशिप इन बातों से हो सकती है स्ट्रांग



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। *-श्री श्री रविशंकर*


## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हानिकारक है प्लास्टिक का कचरा

स्वच्छता का लक्ष्य और स्वच्छ भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक प्लास्टिक का प्रयोग शत-प्रतिशत बंद नहीं होता। हमारे देश में प्लास्टिक कचरा भी बढ़ता जा रहा है, कूड़े के ढेर में सबसे ज्यादा पॉलीथिन बैग ही नजर आते हैं। प्लास्टिक के कचरे को जला कर भी नष्ट नहीं किया जा सकता। इसे जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश में सबसे ज़्यादा प्लास्टिक कचरा बोतलों का भी होता है। देश के नागरिक और विदेशी लोग भी जब किसी कारण हमारे देश आते हैं, तो ये भी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इधर-उधर फैंक कर प्लास्टिक कचरे को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक का दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रयोग लोगों की सेहत पर तो भारी पड़ ही रहा है, साथ ही प्रकृति को दूषित करने का काम भी कर रहा है। *- संजय साहू, धमतरी*

## ट्रेंड

### नीतीश को बधाई



बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ऊर्जा, बुद्धि का प्रबंधन करेंगे



एक बार जब आपको यह एहसास हो जाए कि आपका समय सीमित है, तो आप अनुभव की अधिकतम गहराई और दुनिया में अधिकतम प्रभाव उत्पन्न करने के लिए अपनी ऊर्जा, बुद्धि और क्षमताओं का प्रबंधन करेंगे।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### आज वह सच हो गया



देश में 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजस्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। आज वह सच हो गया।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### शाश्वत रोमांच का उदाहरण



भारत और इंग्लैंड के बीच हो रहे कड़े मुकाबले के साथ ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की अप्रत्याशित जीत वास्तव में टेस्ट क्रिकेट के शाश्वत रोमांच, नाटक और रोमांस का उदाहरण है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

### भारत-अमेरिकी संबंधों में हो रहे बदलाव: संधू

अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत एवं अमेरिका के संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं जो कि द्विपक्षीय संबंधों की अभी सिर्फ शुरुआत है तथा इस दीर्घकालिक रिश्ते का दायरा अभी और बढ़ेगा। संधू ने यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि यहां रह रहे भारतीयों की दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि आज भारत में अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें।'




संधू 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद इस महीने के अंत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने से सभी युवा भारतीय अमेरिकियों को नौकरी के अधिकतर अवसर प्राप्त करने का विशिष्ट अवसर मिलेगा। संधू ने कहा, 'इसलिए न केवल भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों से भी भारत से जुड़े रहें।'

## ऑफ बीट

### स्वाद हमारे खाने को गति देने में देता है मदद

एक वैज्ञानिक के रूप में जो भूख और वजन नियंत्रण की जांच करता है, मुझे इस बात में दिलचस्पी है कि हमारा दिमाग किस तरह से हमें बताता है



कि हमने पर्याप्त मात्रा में भोजन खा लिया है। हमें जैसे-जैसे अपना पेट भरा हुआ महसूस होने लगता है, हम खाने की गति धीमी कर देते हैं। दशकों से, वैज्ञानिकों ने यही सोचा है कि गति में यह परिवर्तन केवल पेट और आंतों से मस्तिष्क तक आने वाले संकेतों से प्रेरित था। लेकिन यूसी सैन फ्रांसिस्को में मेरी प्रयोगशाला के एक नए अध्ययन से पता चला है कि वास्तव में, एक और प्रक्रिया काम कर रही है, और यह जैसे ही हम अपने भोजन का स्वाद लेते हैं, शुरू हो जाती है। इस प्रक्रिया के बारे में अभी अधिक पता नहीं चला है क्योंकि हम किसी जानवर के भोजन करते समय उसके मस्तिष्क की संबंधित गतिविधि का निरीक्षण नहीं कर पाए हैं। इसमें शामिल न्यूरॉन्स मस्तिष्क तंत्र में गहरे होते हैं। मेरी प्रयोगशाला में एक स्नातक छात्र, ट्रूओंग ली ने नई तकनीकें विकसित कीं, जिससे हमें चूहों में पहली बार इन न्यूरॉन्स की गतिविधि को देखने की अनुमति मिली। 'न्यूरॉन' तंत्रिका तंत्र में स्थित एक कोशिका है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

बिलासपुर

सोमवार, 29 जनवरी 2024

माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 338
पृष्ठ : 10+4 = 14, मूल्य : 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 28.2
न्यून. 12.0


5
हॉकी : भारत की 1-5 की हार ...





विचार पेज
अंतरिम बजट के होंगे चुनावी रंग







## मुनव्वर के सिर सजा बिग बॉस-17 का ताज



एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 को अपना विनर मिल गया। स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी बिग बॉस 17 के विनर बने हैं। शो के होस्ट सलमान खान ने विनर की अनाउंसमेंट की। दिल, दिमाग और दम के इस शो में मुनव्वर विजेता बने। इन्हें 50 लाख रुपए प्राइज मनी और एक चमचमाती ब्रैंड न्यू क्रेटा गाड़ी मिली। मुनव्वर की बहनें और 5 साल का बेटा मिकेल बेहद खुश थे।

### ये थे शो के टॉप 5

टॉप 5 में मुनव्वर फारुकी, अंकिता लोखंडे, अभिषेक कुमार, मन्नारा चोपड़ा और अरुण महाशेट्टी थे। अरुण महाशेट्टी टॉप 5 में से बाहर जाने वाले पहले कंटेस्टेंट थे। इसके बाद अंकिता लोखंडे शो से बाहर हुईं। टॉप 3 में मन्नारा चोपड़ा पहुंची थीं। हालांकि, टॉप 2 का हिस्सा मन्नारा चोपड़ा नहीं बन पाईं।

### आखिरी मोमेंट पर इमोशनल हुए मुनव्वर-अभिषेक

जब बिग बॉस ने मुनव्वर और अभिषेक से आखिरी बार बात की तो दोनों काफी इमोशनल हो गए थे। मुनव्वर और अभिषेक अपने आंसू नहीं रोक पाए और फूट-फूट कर रोने लगे थे। इस दौरान अभिषेक के पापा भी काफी इमोशनल हो गए थे। इसके बाद आखिरी मोमेंट पर अभिषेक ने बिग बॉस से माफी मांगी, तो वही मुनव्वर ने उनका शुक्रियाअदा किया और कहा कि थैंक्यू बिग बॉस बेहतर इंसान बनाने के लिए।

थायरायड के इलाज के लिए भाटापारा से इलाज के लिए भर्ती हुई थी 45 साल की महिला

# डॉक्टर ने लिखा ऐसा इंजेक्शन, जो भारत में नहीं मिलता, इलाज के दौरान महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


खास खबर

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के नाम पर जमकर लापरवाही बरती जा रही है। थायरायड के इलाज के लिए भाटापारा से आई महिला के परिजनों को ऐसे इंजेक्शन खरीदकर लाने कहा गया, जो भारत में मिलता ही नहीं। परिवार वाले इंजेक्शन की खातिर भटकते रह गए और महिला इलाज के इंतजार में जान गंवा बैठी। डाक्टर ने इंटरनेट पर देखकर उन्हें जो इंजेक्शन लाने की पर्ची दी थी, वह इंजेक्शन यूएसए में मिलता है।

भाटापारा में रहने वाले राजा तिवारी ने आरोप लगाया गया है कि डाक्टरों ने इलाज के नाम पर जमकर लापरवाही बरती और परिजनों की लाख मिन्नतों के बाद भी इस बात पर अड़े रहे कि लिवोथॉरक्सिन नामक इंजेक्शन बाजार में आसानी से मिलता है ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मेडिसिन आईसीयू में थी भर्ती, डॉक्टर ने थमा दी यूएसए में मिलने वाले इंजेक्शन की पर्ची**





### वेंटिलेटर खराब होने का आरोप

परिजनों का आरोप है कि इलाज के लिए महिला को वेंटिलेटर की आवश्यकता थी। रविवार को अचानक वेंटिलेटर ने काम करना बंद कर दिया। परिवार वालों की सूचना पर चिकित्सकीय स्टाफ ने मरम्मत दल को बुलाकर वेंटिलेटर सुधरवाना शुरु किया तब तक महिला की हालत काफी बिगड़ चुकी थी।

### पता करवाता हूं...

इस मामले में किसी तरह की शिकायत उन तक नहीं पहुंची है। इस मामले के बारे में विभागाध्यक्ष से जानकारी लेंगे अगर लापरवाही की गई है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- **डॉ. एसबीएस नेताम,** चिकित्सा अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

## सीट के नीचे चैंबर बनाकर छिपाए थे चांदी की सिल्लियां और सोने के आभूषण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग में एक बार फिर जिला पुलिस ने कार में चेंबर बनाकर छिपाए गए सोना-चांदी जब्त किए हैं। सायबर सेल और सिंघोड़ा पुलिस की टीम ने अंतरराज्यीय सीमा पर एक लग्जरी कार की पिछली सीट के नीचे चैंबर बनाकर चांदी की सिल्ली और सोने के आभूषण ले जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। संदिग्धों से जब्त चांदी और सोने की कीमत करीब 22 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा जब्त सामान के संबंध में 102 जाफौ के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए डीआरआई को ▶▶ शेष पेज 4 पर

- जब्त सामान के दस्तावेज पेश नहीं कर पाए दोनों युवक

### सोनपुर से लाया गया

संदिग्धों द्वारा चांदी की सिल्ली एवं सोने के आभूषण को सोनपुर ओडिशा से रायपुर से आगे ले लाना बताया गया। जब्त चांदी की सिल्ली कीमत 17,12,880 रुपए एवं सोने के आभूषण कीमत 5,18,400 रुपए एक ईको स्पोर्ट कार कीमती 6,00,000 रुपए तथा 02 नग विभिन्न कंपनी के मोबाइल कीमती 8,000 रुपए कुल जुमला कीमती 28,39,280 रुपए बताई गई है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 50 उड़ानें लेट, 2 दिन बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। इसके चलते 50 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। हालांकि, आठ बजे के बाद कोहरा साफ होने लगा और हल्की धूप निकलने लगी। आसमान में बादलों की आवाजाही से धूप गायब रही।

### जिंदा जल गए पति-पत्नी और तीन बच्चे



**बरेली।** बरेली जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर कस्बा फरीदपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों की घर में लगी आग में जिंदा झुलसकर मौत हो गयी। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल थे। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख प्रकट किया। करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### तीन पर हमला करने वाली शेरनी की मौत



**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में तीन लोगों पर हमला करने के बाद पकड़ी गई एक शेरनी में तंत्रिका विकार के लक्षण नजर आए। एक बचाव केंद्र में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शेरनी ने जिले के राजुला तालुका के ववेरा गांव में शुक्रवार को हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया था। चार-पांच साल की शेरनी को शुक्रवार रात काफी मशक्कत के बाद पकड़ा गया।

## आईपीएस राजेश होंगे रिटायर या जुनेजा की जगह बनेंगे डीजीपी सरकार के फैसले पर सबकी निगाहें

**तीन दिन बाद 31 को रिटायर हो रहे हैं राजेश मिश्रा, डीजीपी बनने पर मिल सकता है दो साल का एक्सटेंशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



खास खबर

भारतीय पुलिस सेवा के 1990 बैच के अधिकारी राजेश मिश्रा स्पेशल डीजी के पद से 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। अभी वे स्पेशल डीजी अभियोजन और एफएसएल के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा हैं। प्रशासनिक तौर पर सरकार चाहे तो दो साल का सेवा विस्तार देकर श्री मिश्रा को अशोक जुनेजा की जगह डीजीपी बना सकती है। हालांकि इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की अनुमति और सहमति जरूरी है। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि स्पेशल डीजी राजेश मिश्रा को डीजीपी बनाए जाने लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो वे दो साल तक और सेवा में रह सकते हैं और बतौर डीजीपी सेवाएं देते रहेंगे।अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसी महीने की 31 तारीख को सेवा पूर्ण कर रिटायर हो जाएंगे। यह अफसर भी हैं दावेदार- पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार श्री मिश्रा के रिटायर होने के बाद अगले क्रम के अधिकारियों में जिन अफसरों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पुलिस महानिदेशक के चार पद

छत्तीसगढ़ में डीजीपी के चार पद हैं। इनमें से एक प्रमुख पुलिसिंग डीजी होते हैं। बाकी एक स्पेशल डीजी और दो डीजी होते हैं। इनमें पुलिसिंग के अलावा हाउसिंग, जेल और अभियोजन एवं एफएसएल में पदस्थ किए जाते हैं। डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल दो साल (अगस्त 2024 तक) के लिए बढ़ाया गया है। सूत्रों का मानना है कि अगर भाजपा सरकार ने डीजीपी श्री जुनेजा को पद से हटाया और श्री मिश्रा को नहीं बनाया गया तो 1992 बैच के अधिकारी पवन देव या अरूणदेव गौतम प्रमुख रूप से डीजीपी पद के दावेदार होंगे। ये चर्चा भी है कि 1994 बैच से डीजीपी चुनने की जरूरत हुई तो एसआरपी कल्लूरी भी दावेदार हो सकते हैं। वर्तमान में पवन देव छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीजीपीएचसी), अरुण देव गौतम गृह विभाग के सचिव, हिमांशु गुप्ता मुख्यालय में एडीजी प्रशासन और एसआरपी कल्लूरी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में पदस्थ हैं।

# आज बन रहे कानून कल के उज्ज्वल भारत को करेंगे मजबूत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 75 साल का हो गया है। रविवार को सर्वोच्च न्यायालय के 75 साल होने पर आयोजित कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने फ्यूचर प्लान बताया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट को लांच किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है। ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे।सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

***प्रधानमंत्री ने नई वेबसाइट लांच की, सीजेआई ने भविष्य का प्लान किया साझा***

- 75 साल का हुआ सुप्रीम कोर्ट पीएम मोदी ने न्यायविदों को किया संबोधित



### 800 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत

पीएम मोदी ने कहा, मैं वर्तमान सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग में आप सभी को आ रही दिक्कतों से भी अवगत हूं। पिछले सप्ताह ही सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स विस्तार के लिए 800 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। बस अब आप लोगों के पास कोई संसद भवन की तरह याचिका लेकर ना आ जाए कि फिजूल खर्ची हो रही है।

### न्यायपालिका एक सुरक्षा कवच-सीजेआई

कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना इस भावना के साथ की गई थी कि यहां कानूनों की व्याख्या कानून के शासन के अनुसार की जाएगी न कि औपनिवेशिक मूल्यों या सामाजिक पदानुक्रम के आधार पर। यह विश्वास को मजबूत करता है कि न्यायपालिका अन्याय, अत्याचार और मनमानी के खिलाफ एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करती है। सुप्रीम कोर्ट समाधान और न्याय की संस्था है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब हमारे पास एक बटन पर क्लिक करके मामले दायर करने की सुविधा है। मई 2023 में ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म का उन्नत संस्करण लॉन्च किया गया था। इसमें 24 घंटे मामले दर्ज करने की सुविधा तेज और सुविधाजनक बन गई है।

**क्रिकेट स्टेडियम में 1 फरवरी को केरल और छत्तीसगढ़ के बीच खेला जाएगा रणजी मैच**

# रणजी में आईपीएल के स्टार खिलाड़ी बहाएंगे पसीना टीम के साथ अजिंक्य और शिवम 1 को आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

आईपीएल का महाकुंभ 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। आईपीएल से पहले फरवरी में राजधानी के शहीद वीरनारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रणजी के तीन महत्वपूर्ण मैच होने हैं, जिसमें आईपीएल के स्टार खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। 1 फरवरी को केरल और ▶▶ शेष पेज 4 पर





### रिकी और हनुमा विहारी ने लगाया शतक

रविवार को छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के बीच हुए मुकाबले में टीम इंडिया बल्लेबाज हनुमा विहारी ने 183 रनों की पारी खेली तो वहीं दिल्ली कैपिटल्स से आईपीएल में खेलने वाले रिकी भोई ने 120 रन बनाए। दोनों की शतकीय पारी ने टीम का स्कोर 431 में पहुंचा दिया। दूसरी पारी में आंध्रप्रदेश ने 20 ओवर में 150 रन में पारी घोषित कर दी। तीसरे दिन की पारी में टीम छत्तीसगढ़ ने 6 ओवर में बिना नुकसान के 20 रन बना लिए हैं। आंध्रप्रदेश 300 रनों से आगे है।

### खिलाड़ियों के पास तैयारी का मौका

रणजी मैच से स्टार खिलाड़ी आईपीएल की तैयारी शुरू कर चुके हैं। रणजी के खिलाड़ियों का कहना है कि मैच के जरिए अपनी गलतियों को सुधारने का काम कर रहे हैं। पिछले साल अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी की थी। शिवम दुबे को इन दिनों टी-20 में स्टार खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। दोनों पहली बार छत्तीसगढ़ में खेलेंगे। रणजी मैच में स्टार खिलाड़ी नहीं होने से मैच देखने भी दर्शक नहीं पहुंचे, इसलिए स्टेडियम की सीटें खाली रहती हैं। मुंबई और केरल की टीम आने से अब लोगों में अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को देखने की उत्सुकता भी रहेगी।

*ग्रामीण की सूचना के बाद हरकत में आए वन अधिकारी*

# करंट से हथिनी को मौत के घाट उतारने के बाद अंगों को काटकर 12 गड्ढो में दफनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

ग्रामीणों ने एक महीने पूर्व एक हथिनी को करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया तथा उसके अंगों को टांगी से काटकर जंगल में गड्ढा खोदकर दफना दिया। इस हृदय विदारक घटना की हवा न तो हाथियों की निगरानी करने वाले वनकर्मियों को लगी न ही ग्रामीणों को। शनिवार को किसी ग्रामीण ने वन अधिकारियों को घटना की सूचना दी तो वन अधिकारी रविवार को सक्रिय हुए तथा जंगल में अलग-अलग स्थानों पर गड्ढा खोदकर हथिनी के अंगों को बरामद किया। मामले में विभाग ने तीन ग्रामीणों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

- 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर की जा रही पूछताछ



मृत हथिनी के अंगों का पीएम करते चिकित्सक।


### तीन आरोपी गिरफ्तार

पूरे दिन की जांच-पड़ताल के बाद वन अधिकारियों ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वन अधिकारी हथिनी को मारने एवं उसके अंगों को काटकर दफनाने के मामले में 4 ग्रामीणों के शामिल होने की बात कह रहे हैं। चौथे आरोपी के फरार होने के कारण उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वन अधिकारियों ने मामले में ग्राम धूरिया निवासी नरेन्द्र सिंह आ.रामशरण सिंह गोड़ (37वर्ष) जनकू राम आ.स्व.ननकू राम (52वर्ष) रामचन्द्र आ. स्व. शिवलाल अगरिया (58वर्ष) को गिरफ्तार किया है जबकि माधव आ.राय सिंह अगरिया (27वर्ष) फरार बताया जा रहा है। मामले में अन्य आरोपियों के शामिल होने की भी संभावना जताई जा रही है।

**अब तक 40 हाथियों की मौत-** सूरजपुर वनमण्डल में अब तक सर्वाधिक हाथियों की मौत हुई है तथा अप्रैल 2016 के बाद अब तक विभिन्न जंगलों में 40 हाथियों की मौत हो चुकी है। हाथियों की सर्वाधिक मौतें करंट से हुई है। हाथियों के मौत के मामले में वन परिक्षेत्र प्रतापपुर एवं सूरजपुर में अब तक सर्वाधिक घटनाएं घटित हुई हैं। रविवार को हुई घटना में वन अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। डीएफओ पंकज कमल अपना मोबाइल स्वीच ऑफ कर देर शाम तक अन्य वन अधिकारियों व पुलिस अमले के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे।

**इसरो लांच करेगा इनसेट-3 डीएस**

# मौसम का मिलेगा सटीक पूर्वानुमान-आपदा का अलर्ट



**नई दिल्ली।** इसरो ने नया मौसम उपग्रह इनसेट-3 डीएस लांच करेगा। इस सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा से लांच किया जाना है। नए सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा भेज दिया गया है। इस सैटेलाइट को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के लिए बेंगलुरु के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर में विकसित किया गया है। इसरो ने एक बयान में कहा कि सैटेलाइट को मौसम संबंधी पूर्वानुमान और आपदा चेतावनी के लिए उन्नत तकनीकी से डिजाइन किया गया है। यह धरती के अलावा समुद्री सतह की भी निगरानी करेगा।

### वेधशाला उपग्रहों की सीरीज

यह जलवायु वेधशाला उपग्रहों की सीरीज का हिस्सा है। इसमें इनसेट-3 डीएस और इनसेट-3 डीडीआर सहित 3 और सैटेलाइट शामिल हैं। इससे मौसम की सटीक भविष्यवाणी, समुद्री तूफानों आदि की सही समय पर जानकारी मिल सकेगी।

28- JAN- COR- MAIN- Pg- 6 SODKU-R-DHANI_Layout 1 1/28/2024 10:12 PM Page 1



# सीएफएल बल्ब की रोशनी में फूल-सब्जियों की खेती, पैदावार में इजाफा सूक्ष्म कीटों का कम हुआ प्रकोप

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में सीएफएल बल्ब से फल, फूल सहित साग-सब्जियों की खेती लोगों को सोचने पर मजबूर कर सकती है। विवि ने नवाचार के अंतर्गत उन्नत प्रशिक्षण के माध्यम से पॉली हाउस में यह कर दिखाया है। इस नवाचार के बाद अब किसान पॉली हाउस में भी यह प्रयोग करने लगे हैं। सीएफएल की रोशनी में सेवंती फूल की बेहतर पैदावार हुई। अब दूसरे फूलों के अलावा पपीता, साग-सब्जियों की पैदावार में यह तकनीक अपनाई जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो सीएफएल से जहां आर्द्रता पर नियंत्रण किया जा सकता है, वहीं सूक्ष्म कीटों का प्रकोप कम हो जाता है, क्योंकि सीएफएल की रोशनी से कई कीड़े मर जाते हैं, इनकी संख्या में बढ़ोतरी नहीं होती। इसके चलते फसलों को, खासकर कीटों से नुकसान नहीं होता। सामान्य प्रकाश जैसे सूर्य की रोशनी के अलावा करीब पांच से छह घंटे अतिरिक्त लाइट खासकर रात और दिन में मिलने से आर्द्रता में कमी आती है। उन्नत किस्म की फसलों को पॉली हाउस में लगाने के साथ-साथ इन्हें कीट, रोग से बचाने के लिए सीएफएल बल्ब लगाए गए।

### कृषि विवि में सफल प्रयोग, कली हाउस में सीएफएल की रोशनी से कर रहे खेती



### पहला प्रयोग रहा सफल

ठंड के समय में अच्छी धूप नहीं मिलने से पॉली हाउस की खेती प्रभावित होती है। बल्ब की रोशनी से पैदावार को नुकसान नहीं होता। मैदानी क्षेत्रों में अब इस प्रयोग को अपनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कृषि विवि के पॉली हाउस में आधे एकड़ में पहली बार सेवंती फूल की खेती सीएफएल की रोशनी से की गई, जो सफल रही। पूरे प्लांटेशन एरिया में फूल के करीब 2000 गुच्छे मिले थे। आमतौर पर आधा एकड़ में 12 सौ से ज्यादा गुच्छे नहीं मिलते। सेवंती के पौधे ढाई से तीन फुट ही रहते हैं। नए प्रयोग के पौधों की ऊंचाई पांच फुट से ज्यादा है।

### दायरा बढ़ाने की तैयारी

विश्वविद्यालय इस फार्मूले से फूलों की खेती के नतीजे देखकर अब इसका दायरा बढ़ाने की तैयारी में है। वैज्ञानिक डॉ. पीआर शर्मा की निगरानी में पूरी फसल तैयार की गई थी। विवि के विशेषज्ञों के अनुसार सामान्य तौर पर सेवंती के पौधे का उपयोग लूज फूल के रूप में किया जाता है। इसकी कीमत कम होती है, यहां इसे सजावटी व मार्केटिंग फूल के रूप में तैयार किया गया। इसके लिए पौधे की प्राकृतिक अवस्था को कृत्रिम रूप में बदला गया।

### फोटो पीरियड में बदलाव

विवि के वैज्ञानिकों ने बताया कि पॉली हाउस में पांच सेंटीमीटर ऊंचाई के पौधे लगाए गए। उसके बाद ऊंचाई बढ़ाने के लिए सामान्य प्रकाश जैसे सूर्य की रोशनी के अलावा करीब पांच से छह घंटे अतिरिक्त रोशनी इन पौधों को दी गई। शाम 6 से लेकर रात 11-12 बजे तक सीएफएल बल्ब का इस्तेमाल कर इन पौधों को प्रकाश उपलब्ध कराया गया। ज्यादा समय तक पौधों को प्रकाश मिलने की वजह से उनका फोटो पीरियड बदला, जिसका फायदा मिला। सब्जियों में यह प्रयोग सफल साबित हुआ। किसान पॉली हाउस में वैज्ञानिक की मदद से खेती कर रहे हैं।

# छमाही परीक्षाओं की मॉनिटरिंग, जहां नतीजे कमजोर वहां एक माह पूर्व स्पेशल रिवीजन

## दिसंबर माह में हुई थी छमाही परीक्षाएं, मार्च के प्रथम सप्ताह से 10वीं-12वीं बोर्ड के पर्चे, फरवरी में होंगे प्री बोर्ड

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

जिले के शासकीय विद्यालयों में दसवीं-बारहवीं के परिणाम सुधारने कवायद शुरू कर दी गई है। दिसंबर में हुई छमाही परीक्षाओं के परिणाम दिसंबर अंत तक ही जारी कर दिए गए। अब परीक्षाओं के एक माह पूर्व स्पेशल रिवीजन करवाया जा रहा है। स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं संग मंथली टेस्ट भी लिए जा रहे हैं। चुनाव संबंधित कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी के चलते कई स्कूलों में निर्धारित समय पर कोर्स पूर्ण नहीं हो सके थे। कुछ स्कूलों में छमाही परीक्षा के लिए तय से कम पाठ्यक्रम से




सवाल पूछे गए। जिन स्कूलों में यह स्थिति निर्मित हुई थी, वहां अतिरिक्त कक्षाएं लेने निर्देश दिए गए थे।

मंथली टेस्ट को भी आंकलन का आधार बनाया जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में दसवीं और बारहवीं के मासिक टेस्ट की शुरुआत की गई थी। इनमें जिन छात्रों के अंक कम हैं, उन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि ये छात्र बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो सके और जिले के परिणाम बेहतर हो। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा नियमित रूप से सभी तरह के परिणामों की मॉनिटरिंग की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जनवरी माह में सभी स्कूलों को प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्ण कराने निर्देश दिए थे। शासकीय व निजी दोनों ही विद्यालयों को तय तिथि में प्रैक्टिल एग्जाम लेकर अंक अपलोड करने कहा गया है।

अधिकतर स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं ली जा चुकी हैं। कुछ स्कूलों ने छात्रों के प्राप्तांक भी माशिम को भेज दिए हैं। दसवीं की परीक्षाएं 2 मार्च तथा बारहवीं की परीक्षाएं एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। प्रायोगिक परीक्षाओं के बाद स्कूलों में प्री बोर्ड की तैयारी की जा रही है। फरवरी माह में प्री बोर्ड लिए जाएंगे।

### जहां रिजल्ट खराब, वहां फोकस

जिन स्कूलों में छमाही परीक्षाओं के परिणाम खराब आए हैं, वहां विशेष फोकस किया जा रहा है। मंथली टेस्ट के साथ अतिरिक्त कक्षाएं भी ली जा रही हैं।

- **हिमांशु भारती**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

# तीन और चुनाव अधिकारी तय न होने से अटका छत्तीसगढ़ सराफा का चुनाव

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव के लिए आमसभा के 21 दिनों बाद भी तीन और चुनाव अधिकारी तय न होने के कारण चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है।

आमसभा में फैसला किया गया था कि चुनाव कराने के लिए पांच चुनाव अधिकारी रखे जाने हैं। दो चुनाव अधिकारी पहले से तय हैं, अब तीन और चुनाव अधिकारियों का चयन किया जाना है। इसके लिए अब अगले माह कभी भी बैठक कर इनके नाम तय करने की तैयारी है। इसके बाद ही चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो सकेगी।

एसोसिएशन के इतिहास में दूसरी बार मतदान से चुनाव होगा। इसके पहले करीब साढ़े सात पहले बिलासपुर में मतदान से चुनाव हुआ था। चुनाव में 79 संघों के 237 पदाधिकारी मतदान करेंगे।

सराफा एसोसिएशन का चुनाव हर तीन साल में होता है। इस बार करीब डेढ़ साल के विलंब के बाद चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के लिए राजधानी रायपुर में 7 जनवरी को आमसभा रखी गई थी। इसमें पहले से ही तय था कि भारी घमासान होगा।

हरिभूमि ने पहले ही इस बात की संभावना जताई थी कि इस बार किसी भी हाल में सर्वसम्मति से चुनाव नहीं होगा, हुआ भी ठीक ऐसा है। आमसभा में 9 घंटे तक बहस चलती रही और बिलासपुर से अध्यक्ष पद के दावेदार कमल सोनी और उनके समर्थकों ने जमकर विरोध किया और चुनाव पूरी प्रक्रिया से कराने की मांग रखी। अंत में तय किया गया कि चुनाव पूरी प्रक्रिया के तहत ही बाद में कराएं जाएंगे।

### इतिहास में दूसरी बार होगा मतदान, 237 मतदाता चुनेंगे अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष

### पांच संभागों से बनेंगे चुनाव अधिकारी

चुनाव की प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए पांच संभागों से चुनाव अधिकारी रखे जाएंगे। पहले जो चुनाव अधिकारी रखे गए हैं। एक चुनाव अधिकारी रायपुर संभाग से रायपुर के मंगेलाल मालू और दूसरे दुर्ग संभाग के राजनांदगांव के उमेद मल कोठारी हैं। अब तीन और चुनाव अधिकारी बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग से बनाएं जाएंगे। इनका चयन भी सर्वसम्मति से होगा। इनका चयन करने के लिए प्रदेश के सराफा संघों के पदाधिकारियों की बैठक होगी। इसमें नामों के प्रस्ताव के बाद सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारियों का चयन होगा।

### पूरी प्रक्रिया से होगा चुनाव

एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल बरड़िया ने बताया, आमसभा में हुए फैसले के मुताबिक तीन और चुनाव अधिकारियों का चयन किया जाना है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और फिर 26 जनवरी के कारण सभी व्यस्त थे। अब बैठक करके चुनाव के लिए बचे तीन चुनाव अधिकारियों का चयन करने के बाद चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। इसमें तीन पदों के लिए नामांकन होगा, इसके बाद नाम वापसी होगी और अंत में जो प्रत्याशी मैदान में रहेंगे, उनका मतदान के साथ तय तिथि पर चुनाव होगा। एक माह के अंदर चुनाव कराने का प्रयास रहेगा। एक संघ के तीन पदाधिकारी मतदान करेंगे। 79 संघों का इस समय पंजीयन है।

# इंडिया गठबंधन से रायपुर लोस सीट सपा को दी जाए

**रायपुर।** पिछले 40 सालों से अधिक समय से रायपुर लोकसभा सीट हमेशा भाजपा जीतती आ रही है। इस बार इंडिया गठबंधन के तहत यह सीट समाजवादी पार्टी को दी जाए तो निश्चित रूप से यह सीट सपा जीत सकती है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव मनीष श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पुरुषोत्तम सोनवानी, सपा जिलाध्यक्ष सतीश निर्मलकर, प्रदेश सचिव सैय्यद फारूख और सपा नेता मनीष श्रीवास्तव का कहना है, वर्तमान सपा अध्यक्ष नवीन गुप्ता रायपुर के राजनीति में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते हुए अनेक घोषणापत्र जारी कर निर्दलीय और सपा से चुनाव लड़ते आ रहे हैं। सन 2009 के लोकसभा चुनाव श्री गुप्ता लड़े थे, इस दौरान कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़े थे। तब वर्तमान सपा प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता उस चुनाव के दौरान चौथे स्थान पर थे।

# आत्मानंद स्कूल को मंजूरी, पर नई बिल्डिंग नहीं बनी, सालभर से अटका जमीन का सीमांकन

## बिरगांव निगम सीमा में पहला आत्मानंद विद्यालय बनाने मंजूरी के बाद ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

बिरगांव निगम सीमा में दो साल पहले शासन के आदेश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने क्षेत्र में पहला स्वामी आत्मानंद विद्यालय शुरू किया। इसके बाद से ही विद्यालय संचालन के लिए नई बिल्डिंग बनाने जमीन जांच व सीमांकन रिपोर्ट देने दिशा-निर्देश जारी किए गए। सालभर पहले जमीन खाली कराने की कवायद के बाद जिम्मेदारों ने जमीन सीमांकन की प्रक्रिया अटका दी। इससे अभी तक नई बिल्डिंग बनाने जमीन की रिपोर्ट ही अटकी है। सरकार की अनुशंसा के 14 महीने पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने लोक निर्माण विभाग से 7.52 करोड़ का प्रस्ताव बनवाने के बाद शासन को भेज दिया है। इसे आकार देने के लिए बिलासपुर मुख्य मार्ग से महज 300 मीटर की दूरी पर पटवारी रिकार्ड में सरकारी जमीन मिलने की बात कही गई, लेकिन अभी तक उक्त जमीन की रिपोर्ट जिम्मेदारों ने प्रशासन को नहीं भेजी है। इससे क्षेत्र की डेढ़ लाख से ज्यादा की आबादी वाले इलाके में अभी तक नई बिल्डिंग निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई है। इससे सर्व सुविधायुक्त स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय की नई बिल्डिंग निर्माण का पेंच फंसा हुआ है। दो साल से आत्मानंद स्कूल का संचालन कॉलेज की बिल्डिंग में किया जा रहा है, जहां बच्चों को स्कूल जैसा माहौल नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए शासन स्तर पर नई बिल्डिंग बनवाने तैयारी की गई, जो अधर में अटकी हुई है।

### बिल्डिंग में होंगी ये सुविधाएं

स्वामी आत्मानंद स्कूल की नई बिल्डिंग में 16 क्लास रूम, लैब के लिए चार कमरे भी प्रस्तावित है। एक लाइब्रेरी के साथ ही एक स्मार्ट क्लास रूम भी बनाया जाना है। बिल्डिंग में प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम के साथ ही ढाई एकड़ एरिया को कवर करने के लिए बाउंड्रीवॉल भी बनाई जाएगी। इसके अलावा कैम्पस में लाइट और पेवर ब्लॉक भी लगाए जाएंगे। बिल्डिंग को स्वामी आत्मानंद स्कूलों की तर्ज पर ही आकर्षक बनाया जाना है।

### खाली जमीन की रिपोर्ट नहीं

शासन की मंशा और पूर्व विधायक की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी से नई बिल्डिंग बनाने पर होने वाले खर्च का ब्योरा भी तैयार कराया गया है। इसे अभी तक सिर्फ जमीन खाली नहीं होने की वजह से फंड नहीं मिल पाया है। जमीन पर बसे हुए परिवारों को विस्थापित करने के बाद जमीन खाली होने की रिपोर्ट बिरगांव निगम से मिलने पर उसे शासन को भेजना होगा। इसके बाद ही स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाने के लिए फंड मिलेगा।

### 14 महीने से अटकी कार्रवाई

40 वार्डों वाले बिरगांव निगम में 6 गांव शामिल हैं। यहां पहले आत्मानंद स्कूल बिल्डिंग में अभी बिरगांव, उरकुरा व रावांभाठा क्षेत्र के रहवासियों के बच्चों को ही इंग्लिश मीडियम में पढ़ने की सुविधा मिल सकेगी। अभी कॉलेज की नई बिल्डिंग में दो साल से आत्मानंद स्कूल लग रहा है। जहां उन्हें खेलने के लिए जगह ही नहीं, बल्कि अन्य जरूरी सुविधाएं भी नहीं मिल पाती हैं। इसे देखते हुए निगम सीमा में स्कूल बिल्डिंग बनाने की तैयारी भी 14 महीने से अटकी हुई है।

### पत्र व्यवहार पर देंगे रिपोर्ट

स्वामी आत्मानंद विद्यालय के लिए आरक्षित जमीन तो खाली है। उसके आसपास से कब्जा हटाने के बाद बाउंड्री करा दी गई है। संबंधित विभाग जब जमीन की सीमांकन रिपोर्ट के लिए पत्र व्यवहार करेंगे तो उन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय**
आयुक्त, ननि बिरगांव

# अलका ने कहा- लोकसभा और राज्यों में होने वाले चुनाव नारी के सम्मान में लड़ा जाएगा

### लोकसभा चुनाव में 4 महिलाओं को टिकट दे सकती है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा, महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से देश के अलग-अलग राज्यों में लगातार दौरा जारी है। इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पहुंची हूं। हालांकि छत्तीसगढ़ में महिला कांग्रेस की आज बैठक भी होगी।

आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर उन्होंने कहा, आगामी आम चुनाव और राज्यों में होने वाले चुनाव में नारी के सम्मान में चुनाव लड़ा जाएगा। हमारा पूरा प्रयास रहेगा, इस बार ज्यादा महिलाओं को मैदान में उतारा जाए। वहीं कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में चार महिला उम्मीदवारों को टिकट दे सकती है। इंडिया अलायंस जल्द ही उम्मीदवारों के नामों का ऐलान करेगी।

## न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा




प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में मीडिया से चर्चा से करते हुए अलका लांबा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की चर्चा करते हुए कहा, मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का मौका मिला। छत्तीसगढ़ यह यात्रा कुल पांच दिनों तक चलेगी। प्रदेश के सात जिलों से यात्रा गुजरेगी। बाकी जगह यात्रा का अनुभव अच्छा रहा है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर असम में हुए विवाद पर अलका लांबा ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, यात्रा के असम पहुंचते ही भाजपा ने विवाद की स्थिति पैदा करने की कोशिश की। इतना ही नहीं, राहुल गांधी को मंदिर जाने से भी रोका गया। छात्रों से भी मिलने नहीं दिया, फिर छात्र खुद बाहर आकर राहुल गांधी से मिले। असम के लोगों का धन्यवाद। आठ दिन की यात्रा में उनका भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने महिलाओं से भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील की।

### केंद्र पर साधा निशाना

वहीं अलका लांबा ने देश में बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था, बलात्कार के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार उत्तरप्रदेश के वाराणसी में दुष्कर्म मामले में पीएम जवाब क्यों नहीं देते। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा, ईडी लगातार हमारे नेताओं को टार्गेट कर रही है। राहुल गांधी से भी 55 घण्टे पूछताछ हुई थी, लेकिन कांग्रेस डरी नहीं है। ईडी, सीबीआई, आईटी के माध्यम से परेशान करने की कोशिश की।


## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


# कम हो रही सहनशक्ति... सालभर में छत्तीसगढ़ में 629 ने किया सुसाइड अटेम्प्ट

## विशेषज्ञों का दावा- परेशानियों से हो रहे जल्दी हताश, तात्कालिक आवेश भी कारण

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

जीवन में आने वाली विपरीत परिस्थितियों से जूझने लोगों की सहनशक्ति कम होने लगी है। परेशानियों से जल्दी हताश होकर ऐसे लोग आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। राज्य में पिछले साल आत्महत्या की कोशिश के 629 मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कम समय में अधिक पाने की चाहत में लोग मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे हैं और तात्कालिक आवेश में आकर आत्मघाती कदम उठा रहे हैं।

108 संजीवनी सेवा की मदद से सालभर में 629 लोगों को अस्पताल तक पहुंचाया गया, मगर इस अनुमान से इनकार नहीं किया जा रहा है कि आत्मघाती कदम उठाने वालों की संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है। सही समय पर अस्पताल पहुंचने की वजह से इनमें से कई लोगों की जान बचा ली गई, मगर कुछ प्रकरणों में देर हो गई। राज्य में



आत्महत्या के मामलों में पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बेहद मामूली बातों पर उपजे विवाद अथवा कारणों पर लोग अपना जीवन समाप्त करने जैसा बड़ा कदम उठा लेते हैं। हरिभूमि ने आत्महत्या की कोशिश के मसले पर मनोचिकित्सकों से आत्मघाती कदम उठाने के कारणों को जानने का प्रयास किया। विशेषज्ञों का तर्क है कि जल्दी पाने की इच्छा में लोगों की सहनशक्ति कम हो रही है। सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक परेशानियों का समाधान खोजने के बजाय लोग अवसाद में घिर जाते हैं और आक्रोशित होकर जीवन की समाप्ति को इसका हल समझने लगते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बदलती जीवनशैली में मानसिक अवसाद की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसे रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर भी बड़े प्रयास की आवश्यकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मनोचिकित्सकों की नियुक्ति कर वहां ऐसे लोगों की काउंसिलिंग, उपचार और जरूरी दवा की व्यवस्था की जानी चाहिए। अक्सर ये बातें सामने आती रहती हैं कि गर्मी के दिनों यानी मार्च अप्रैल के महीने में आत्महत्या के मामले बढ़ जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम का इस मामले से कुछ लेना-देना नहीं होता। यह समय वित्तीय वर्ष की समाप्ति का होता है, इसके अलावा परीक्षाओं का दौर चलता है और लोगों में तनाव अधिक होता है, इसलिए घटनाएं बढ़ जाती हैं। केंद्रीय आंकड़ों के मुताबिक 20 से 30 साल के युवा अपनी परेशानियों को लेकर इस तरह का रास्ता चुनते हैं।


**समाधान खोजने की जरूरत**

जिला अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक के मनोचिकित्सक अविनाश शुक्ला के मुताबिक आत्महत्या जैसे कदम उठाने के बजाय लोगों को होने वाली परेशानी का समाधान खोजने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए परिवार अथवा साथियों की मदद ली जा सकती है। परेशानी फिर भी कम नहीं हो रही है तो मनोचिकित्सक से सलाह ले सकते हैं।

**रोकी जा सकती हैं 80 फीसदी घटनाएं**

मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ डीएस परिहार के मुताबिक आत्महत्या की घटनाएं लगतार बढ़ती जा रही हैं। लोग मामूली बातों को लेकर इस तरह का आत्मघाती कदम उठाते हैं। परिवार, समाज के लोगों को जिम्मेदारी होती है कि किसी के व्यवहार में अगर बदलाव आ रहा है।

## शब्द पहेली - 5408



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5407 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | यी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | ह्व | क | र | ना | |

## सूडोकु नवताल - 5418

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5417 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |





### राज्य में असरदार साबित नहीं हुआ नया वैरिएंट जेएन-1

# 40 दिनों में ही हांफ गया कोरोना का नया वैरिएंट राज्य में 19 एक्टिव केस, 26 जिलों में शून्य


## जनवरी के पहले पखवाड़े में राज्य में कोरोना के एक्टिव केस डेढ़ सौ तक पहुंच गए थे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

दूसरे राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों को संक्रमित करने वाला कोरोना का नया वैरिएंट जेएन-1 छत्तीसगढ़ में बड़ा असर नहीं डाल पाया और 40 दिनों में ही संक्रमण समाप्ति के दौर में पहुंच चुका है। बड़ी जांच में इक्का-दुक्का कोरोना संक्रमित सामने आ रहे हैं, वहीं पुराने लोगों के ठीक होने की वजह से एक्टिव केस भी घटकर 19 तक पहुंच गए हैं।

कोरोना के सक्रिय मामले रायपुर समेत सात जिलों में सिमटे हुए हैं और 26 जिलों में इसकी स्थिति शून्य हो चुकी है। करीब आठ माह तक शांति रहने के बाद राज्य में 21 दिसंबर को कोरोना के तीन मामले सामने आए थे। इस दौरान दूसरे राज्य में कोरोना के नए रूप में लेकर दहशत की स्थिति बन रही थी। केरल सहित कई राज्यों में कोरोना का नया स्वरूप जेएन-1 सामने आया था।

अलर्ट के बाद राज्य में कोरोना की जांच बढ़ा दी गई थी और तेजी से मामले सामने आने लगे थे। इस दौरान विभागीय स्तर पर अस्पतालों में चिकित्सकीय स्टाफ और संसाधनों को अलर्ट मोड पर रखने निर्देश जारी किया गया था। जनवरी के पहले पखवाड़े में



राज्य में कोरोना के एक्टिव केस डेढ़ सौ तक पहुंच गए थे। इस दौरान लोगों को संक्रमण का विस्तार रोकने के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में सावधानी बरतने की नसीहत भी दी जा रही है।

करीब 40 दिन में संक्रमण का यह नया दौर समाप्त होने की स्थिति में आ चुका है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अभी भी राज्य में तीन से साढ़े तीन हजार सैंपल की जांच हो रही है, मगर संक्रमण दर आधे प्रतिशत से भी कम हो चुका है। रिकवरी रेट अधिक होने की वजह से सक्रिय मामले भी तेजी से घटते हुए 19 तक पहुंच चुके हैं और आने वाले दो से तीन दिनों में इसके दस से कम होने की संभावना है।

### सबसे अधिक 6 केस रायपुर से

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में सबसे अधिक 6 सक्रिय मामले रायपुर जिले से संबंधित हैं। इनमें से किसी भी मरीज को बड़ा लक्षण नहीं होने की वजह से होम आइसोलेशन में रहकर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इसके अलावा दुर्ग-बालोद में 3-3, धमतरी में 1, बस्तर में 4 तथा कोंडागांव, जांजगीर-चांपा में एक एक्टिव केस है।

### सामान्य हुई सर्दी-खांसी

प्रदेश में सर्दी-खांसी अब सामान्य प्रक्रिया में आ चुकी है। इस लक्षण के आधार पर सैंपल की जांच हो रही, मगर उन्हें कोविड पॉजिटिव नहीं पाया जा रहा है। कुछ समय पहले इसी लक्षण के आधार पर लोगों के सैंपल लेकर आरटीपीसीआर जांच की जा रही थी, जिसमें कोरोना संक्रमित मिल रहे थे। विशेषज्ञों का तर्क है कि अब कोरोना वायरस का नया दौर राज्य में समाप्त होने की स्थिति में आ गया है।

### कोरोना का डाउनफॉल

कोरोना का वायरस समय-समय पर स्वरूप बदलकर लोगों को संक्रमित करता है। नया वैरिएंट का प्रभाव डाउनफॉल की स्थिति में आ चुका है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रित हो चुकी है, मगर सावधानी बरतना जरूरी है।

**- डॉ. डीडी तुर्रे**, उपसंचालक एवं मीडिया प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग

## पति-पत्नी में विवाद, तीन तलाक, केस दर्ज

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह अधिनियम 4 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला की तीन से चार वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी हुई थी। शादी के बाद से पति-पत्नी में अनबन चल रही थी। इसी अनबन के चलते महिला को उसके पति ने आवेश में आकर तीन तलाक बोल दिया। पुलिस के मुताबिक टिकरापारा निवासी महिला की शिकायत पर बैजनाथपारा निवासी अब्दुल नासिर खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार नासिर ने अपनी पत्नी को पिछले वर्ष नवंबर में तलाक दिया है। पति द्वारा दिए गए तीन तलाक के खिलाफ महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार नासिर ने जिन लोगों के बीच अपनी पत्नी को तीन तलाक कहा था, उन लोगों के बयान दर्ज करने के साथ महिला के परिवार के लोगों के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ तीन तलाक का अपराध दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को बताया है कि शादी के चंद दिनों के बाद ही नासिर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा था। पति की मानसिक प्रताड़ना के बाद भी वह परिवार को बचाने प्रताड़ना सह रही थी। इसी दौरान महिला के पति ने आवेश में आकर उसे तीन तलाक दे दिया।

# मृत बाघ छत्तीसगढ़ या ओडिशा का? दो राज्यों के वन अफसर अपना होने का दावा कर रहे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल के गोमर्डा अभयारण्य में बाघ का करंट से शिकार करने की घटना सामने आने के बाद ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के वन अफसरों के अपने-अपने दावे सामने आ रहे हैं। ओडिशा वनमंडल के अफसर मृत बाघ को अपना होने का दावा करते हुए राज्य के वन अफसरों पर बाघ को नहीं बचा पाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन पूर्व में कह चुके हैं कि ओडिशा के जंगल से गोमर्डा पहुंचा बाघ उनके वनक्षेत्र का है, जो भटककर ओडिशा के जंगल से होते हुए गोमर्डा पहुंच गया था।

गौरतलब है बाघ शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है। बाघों की गणना रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 22 बाघ होने की एनटीसीए ने पुष्टि की है। इसके विपरीत वन अफसर राज्य में 27 के करीब बाघ होने का दावा करते आ रहे हैं। गोमर्डा में शिकारियों द्वारा बिछाए गए करंट की चपेट में आए बाघ की जानकारी अफसरों की गणना रिपोर्ट में है या नहीं, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। बाघ छत्तीसगढ़ का है या ओडिशा का? शिकार होने के बाद राज्य के वन अफसरों की लापरवाही उजागर होती है।



### एक सप्ताह बाद जागे विभागीय अफसर

वन अफसरों के दावों के मुताबिक बाघ गोमर्डा तथा ओडिशा के वनक्षेत्र में विचरण कर रहा था, तब बाघ का डे टू डे लोकेशन ट्रेस किया जा रहा था। ऐसे में सवाल उठता है, 5 जनवरी के बाद बाघ की लोकेशन ट्रेस नहीं होने के बाद वन विभाग के अफसरों ने बाघ की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश क्यों नहीं की। बाघ की लोकेशन नहीं मिलने के एक सप्ताह बाद वन अफसरों ने अपने मुखबिरों की मदद से बाघ के बारे में जानकारी जुटाई, तब 10 दिन बाद 24 जनवरी को वन अफसरों को बाघ का शिकार होने की जानकारी मिली।

### शिकार के लिए बदनाम वनक्षेत्र

गोमर्डा के साथ महासमुंद से सटा बार नवापारा अभयारण्य वन्यजीवों का करंट से शिकार करने के मामले में बदनाम है। इस वनक्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा चीतल तथा जंगली सुअर का शिकार करने करंट बिछाए जाने की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं। बावजूद इसके वन अफसर शिकार रोकने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं।

### स्निफर डॉग की एक बार फिर से मांग

गोमर्डा में बाघ के शिकार की घटना सामने आने के बाद जंगल सफारी से स्निफर डॉग को मौके पर पड़ताल के लिए ले जाया गया। वनों में हो रहे शिकार को रोकने के लिए वन्यजीव प्रेमियों ने राज्य के सभी संरक्षित वनक्षेत्रों में एक बार फिर से स्निफर डॉग रखने की मांग की है। जानकारों के मुताबिक स्निफर डॉग के माध्यम से नियमित पेट्रोलिंग होने से शिकार की घटना पर अंकुश लगाया जा सकता है। वन विभाग के पास वर्तमान में रायपुर तथा कांकेर में एक-एक स्निफर डॉग है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में दो स्निफर डॉग थे, जो रिटायर हो चुके हैं।

### जांच करने एनटीसीए की टीम पहुंची

गोमर्डा में बाघ की शिकार की घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद एनटीसीए की टीम घटना की जांच करने घटनास्थल पर पहुंची। एनटीसीए की टीम ने बाघ की मौत को लेकर वन अफसरों से रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। एनटीसीए ने पूरे वनक्षेत्र के भूगोल की जानकारी लेने के साथ वहां के वन्यजीवों के बारे में जानकारी ली है।

### डब्ल्यूआईआई के डेटा से होगी पुष्टि

वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) के पास पूरे देश में छह हजार जीवित तथा मृत बाघों की डेटा रिपोर्ट है। बाघ छत्तीसगढ़ का है या ओडिशा का? इस बात की पुष्टि डब्ल्यूआईआई के डेटा मिलान से हो सकती है। इसकी पहचान ट्रैप कैमरे में कैद बाघ के शरीर की धारियों का मिलान करने से होगी।




## प्रथम पृष्ठ का शेष

### लोस चुनाव लड़ने...

से पीछे हट रहे हैं। मार्च-अप्रैल में होने वाले चुनावों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। हर लोकसभावार प्रभारी बनाए गए हैं। पार्टी की ओर से यहां पर चुनाव लड़ने वाले नेताओं-पदाधिकारियों के नाम को लेकर सर्वे भी कराया जा रहा है। पार्टी की सर्वे रिपोर्ट के पहले स्क्रीनिंग और प्रदेश चुनाव समिति में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के मापदंड को लेकर चर्चा की गई। चर्चा में यह बात आई कि जीतने वाले प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए। ऐसे कौन से नाम हैं, जो चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकते हैं? पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, वरिष्ठ विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नाम सामने आए। अगले सप्ताह दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश चुनाव समिति के सामने आए नामों को रखा जाएगा। उसके बाद नामों को फैसला फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। हरिभूमि ने लोकसभा चुनाव को लेकर इनमें से कुछ लोगों की राय जानने का प्रयास किया।

### सुबह कुर्सी छोड़ी,...

कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए 'चीजें ठीक नहीं चल रही हैं।' इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नयी सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कुमार के पूर्व सहयोगी 'राष्ट्रीय जनता दल' (राजद) ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। जद (यू) सुप्रीमो ने 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली थी, लेकिन उनकी सरकार एक सप्ताह के भीतर ही गिर गयी थी। उन्होंने मई 2014 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन आठ महीने बाद ही जीतन राम मांझी को हटाकर उन्होंने नवंबर 2015 में मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की। उस समय जद(यू), राजद और कांग्रेस गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की थी। उन्होंने 2017 में भाजपा के साथ नयी सरकार बनाने के लिए इस्तीफा दे दिया था। वह 2020 के विधानसभा चुनाव में फिर मुख्यमंत्री बने। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने जीत हासिल की थी, जबकि जदयू ने खराब प्रदर्शन किया था। बिहार विधानसभा में सदस्यों की संख्या 243 है। इधर, बिहार में राजनीतिक उथलपुथल के बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले जनता दल (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा, कूड़ा गया फिर से कूड़ेदानी में, कूड़ा मंडली को बदबूदार कूड़ा मुबारक। **निर्दलीय विधायक का मंत्री पद बरकरार**-मंत्री बनाए गए सुमित कुमार सिंह विधानसभा चुनाव 2020 में निर्दलीय विधायक चुने गए थे। इसके बाद वह एनडीए सरकार में मंत्री बने, फिर महागठबंधन सरकार में भी मंत्री रहे। अब एनडीए 2.0 में भी उनका मंत्री पर बरकरार रखा गया है। **इन नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ**-विजय चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, श्रवण कुमार, संतोष कुमार सुमन (संतोश मांझी), सुमित कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इन मंत्रियों में सबसे अधिक चर्चा एनडीए के घटक दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने बेटे संतोष कुमार सुमन की हुई। वे पिछले तीन दिन से चर्चा में थे। इनकी पार्टी से चार विधायक हैं। मंत्रियों की शपथ के बाद समारोह का समापन हो गया, अब एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला चल रहा है। **पीएम मोदी ने दी बधाई**-पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स कर बधाई दी। उन्होंने एक्स कर लिखा- बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के मेरे परिवारजनों की सेवा करेगी। **खड़गे बोले- 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग**-जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और एक वक्त में इंडी गठबंधन के अगुवा बने नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजस्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। अगर वह रुकना चाहता तो रुक जाता लेकिन वह जाना चाहता है। इसलिए ये बात हमें पहले से ही पता थी, लेकिन इंडिया गठबंधन को बरकरार रखने के लिए हमने कुछ नहीं कहा। अगर हम कुछ गलत कहेंगे तो गलत संदेश जाएगा।

### आरक्षित पदों पर...

जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया, हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। लेकिन साथ ही कहा गया है कि सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है।

**इनके लिए ऐसे निर्देश-**

यह भी सुझाव है, ग्रुप सी या डी के मामले में आरक्षण रद्द करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को भेजा जाना चाहिए। समूह 'ए' या 'बी' के मामले में प्रस्ताव आवश्यक अनुमोदन के लिए पूर्ण विवरण के साथ शिक्षा मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मंजूरी मिलने के बाद पद भरा जा सकता है और आरक्षण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

### डॉक्टर ने लिखा ऐसा ...

और उसे लगाने पर ही महिला ठीक हो पाएगी। परिवार वाले संशय की स्थिति में थे और महिला इंजेक्शन मिलने इंतजार में जान गंवा बैठी। जानकारी के मुताबिक भाटापारा में रहने वाली 45 साल की अनिता शर्मा को 24 जनवरी को इलाज के लिए रायपुर लाया गया था। डीके अस्पताल से उसे मेकाहारा रिफर किया गया था। बताया जाता है कि थायरायड के कारण उसकी हालत काफी गंभीर हो गई थी जिसके चलते उसे मेडिसिन विभाग के आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती किया गया था। परिजनों के मुताबिक चार दिन पहले डाक्टरों ने उसे बताया कि महिला पर दवा का असर नहीं हो रहा है और इंजेक्शन की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें 100 एमजी की दो लिवोथॉरक्सिन इंजेक्शन लाने पर्ची दी गई। परिवार वाले राजधानी के तमाम दवा एजेंसी में पर्ची लेकर भटकते रहे मगर उन्हें इंजेक्शन नहीं मिली दवा व्यापारियों ने उन्हें यहां तक बता दिया था कि इस नाम की टेबलेट जरूर मिलती इंजेक्शन इंटरनेशनल मार्केट अथवा यूएसए में उपलब्ध है। परिवार वाले डाक्टरों को आकर दुहाई देते रहे मगर वे अपनी जिद में अड़े रहे आखिरकार महिला ने दम तोड़।

### सीट के नीचे चैंबर...

सूचना दी गई है। प्रेसवार्ता में जब्ती कार्रवाई का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला पुलिस को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंतरराज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल के पास संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी।

तभी बरगढ़ ओडिशा की ओर से एक सफेद रंग की फोर्ड कंपनी की ईको स्पोर्ट्स कार क्रमांक सीजी 04 एमएस 6711 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ आ रही थी, जिसे रोका गया। कार में दो व्यक्ति सवार थे। पूछताछ करने पर उनके ओडिशा जाने का कारण संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर कार की तलाशी ली गई। उक्त वाहन की पिछली सीट के नीचे एक चैंबर बना मिला, जिसमें एक थैला के अंदर दो दो पैकेट मिला। पैकेट के संबंध में पूछने पर संदिग्धों ने चांदी एवं सोने का आभूषण होना बताया। पुलिस की टीम द्वारा पैकेट में चार नग चांदी की सिल्ली वजन 23.790 किलो एवं दूसरे पैकेट में इस्तेमाल किए हुए सोने का आभूषण वजन 81 ग्राम पाया गया। पूछने पर उक्त संदिग्धों ने आभूषण के संबंध में किसी प्रकार का दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका।

### आईपीएस राजेश होंगे...

के प्रमोशन की संभावना है, उनमें आईपीएस पवनदेव 1992 बैच के अधिकारी वरिष्ठता क्रम में आगे हैं। उनके बाद के क्रम में अरुण देव गौतम भी 1992 बैच के अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इसके बाद 1994 बैच के अधिकारियों का नंबर है। इन बैच के अधिकारियों में सबसे आगे हिमांशु गुप्ता का नाम है। उनके बाद इसी बैच में एसआरपी कल्लूरी हैं।

### रणजी में आईपीएल...

छत्तीसगढ़ और 9 को मुंबई से बीच रणजी मैच खेला जाएगा, जिसमें टीम इंडिया के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे मुंबई की ओर तो वहीं श्रेयस गोपाल व सचिन बेबी केरल से खेलेंगे। इसके अलावा आधा दर्जन से अधिक आईपीएल खिलाड़ी रणजी में पसीना बहाएंगे। रणजी मैच में दर्शक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को स्टेडियम में खेलते हुए देख सकते हैं।

### करंट से हथिनी को ...

गिरफ्तार किया है। जंगल की शोभा हाथियों को लेकर वन अमला एवं क्षेत्र के ग्रामीण कितने गंभीर हैं इसका खुलासा रविवार को हुआ। हाथियों की उपस्थिति को लेकर बेहद संवेदनशील घुई जंगल में लगातार फसलों को तबाह करने से नाराज ग्रामीणों ने एक महीने पूर्व जंगल किनारे हाई वोल्टेज करंट की बाड़ लगाई। इस दौरान करंट की चपेट में आने से एक मादा हथिनी की मौत हो गई। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से टांगी एवं फावड़े से हथिनी के पैर-सुंड सहित अन्य अंगों को काटकर अलग किया तथा मुख्य मार्ग से 400 मीटर दूर जंगल में अलग-अलग 12 गड्ढे खोदकर दफना दिया। इस बड़ी घटना की सूचना न तो वन अमले को मिली न ही किसी ग्रामीण को। शनिवार की शाम किसी ग्रामीण ने डीएफओ पंकज कमल को घटना की सूचना दी तो वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शनिवार को रात होने के कारण मामले में कोई कारवाई नहीं हो सकी। रविवार को सुबह 8 बजे वन अधिकारी तीन सदस्यीय चिकित्सा दल वन अमले की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं जांच शुरू की। पूरे दिन वन अधिकारी ग्रामीणों से पूछताछ करने के साथ ही जंगल की जांच करते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद रमकोला बीट के कक्ष क्रमांक पी-244 में वन विभाग द्वारा निर्मित तालाब के पास अलग-अलग गड्ढों को खोदकर हथिनी के अंगों को बरामद किया गया। इस दौरान घटना स्थल पर वाइल्ड लाइफ सीएफ के.आर बढ़ई, सूरजपुर डीएफओ पंकज कमल, उपसंचालक एलिफेंट रिजर्व श्री निवास तन्तेरी, उपवन मंडलाधिकारी आशुतोष भगत सहित बड़ी संख्या में रेंजर व वनकर्मी उपस्थित थे।एक महीने पूर्व की घटना- पशु चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ.महेन्द्र पाण्डेय, एलीफेंट रेस्क्यू सेंटर के डॉ.अजीत पाण्डेय व डॉ.शंभु पटेल की टीम ने मृत हथिनी के अंगों का पीएम किया।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** सरकण्डा साइंस कॉलेज के पास फास्ट फूड कैफे में झाड़ू, साफ सफाई, खाना सर्व करने हेतु हेल्पर चाहिए। केवल इच्छुक ही कॉल करें- 9893785207 (प्रातः 11 से रात 10:30 तक) (32700)

**आवश्यकता है-** Arc & Parc clinics हेतु नर्सिंग स्टाफ (पुरुष)- 1पद एवं देवी मेडिकल स्टोर हेतु फार्मासिस्ट (पुरुष)- 1पद, सम्पर्क- ARC & PARC Clinics मगरपारा रोड, डॉ. जगबीर सिंह गली, बिलासपुर- 077524 26633, 9826677474, 7024942247 (32703)

**आवश्यकता है-** महिलाओं, युवतियों हेतु मेट्रीमोनियल में टेलीकॉलिंग कर ब्रांच मैनेजर बनने एवं उत्साहपूर्वक कार्य पर बोनस, गिफ्ट, योग्यता 10वीं, वेतन 4000 समय सुबह 10 से शाम 5:30 तक। सम्पर्क- 8602234450, 81205 26999 (32704)

**आवश्यकता है-** स्वप्निल बिल्ड कंस्ट्रक्शन आर्किटेक्ट्स कम्पनी को ऑफिस, मार्केटिंग हेतु युवतियां चाहिए योग्यता हिन्दी अंग्रेजी टाइपिंग, ग्रेजुएशन अनिवार्य। वेतन 10000 से 25000 सम्पर्क करे राधा परिसर मोपका बिलासपुर 7415002702, 93028 22476 (32698)

**आवश्यकता है-** कपड़े की दुकान में सेल्समैन एवं हेल्पर कार्य हेतु लड़के/ लड़कियां चाहिए। वेतन 8000 से (हेल्पर) अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7489046421 (फोन का समय 11बजे से 6बजे तक) (32489)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड सलवार सूट, साड़ी शोरुम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, फोल्डर, कम्प्यूटर आपरेटर (बिजी साफ्टवेयर) चाहिए। वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो, श्रीराम मार्केट, बिलासपुर 8319134866, 7869448240 (32701)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर जांजगीर मे सुपरवाईजर, सुरक्षागार्ड, गनमैन की आवश्यकता है PF, ESI मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्युरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9300803366, 9109930584, 78040 84637 (32532)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** स्वीपर की आवश्कता है जो सफाई से काम कर सके जरूरतमंद, नशामुक्त खुद आकर मिलें- अग्रवाल लॉज अमरनाथ जड़ी बूटी दुकान के बाजू वाली में अन्दर गोल बाजार बिलासपुर 9827940898 (32702)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में टेली कालिंग कार्य करने के लिए लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। अच्छी सैलरी, कमीशन, और इन्सेन्टिव, अनुभवी और बिना अनुभवी दोनों सम्पर्क करें- 8966069617 (32694)

**आवश्यकता है-** टेलीकालिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़की/ महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वीं, 12वी, ग्रेजुएट, सेलरी 5000+ कमीशन+ बोनस से कमाएं 10000 से 15000 पता- महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर 89623 58129, 8962775639 (32691)

**आवश्यकता है-**रेड मेगा मार्ट रेडिमेड कपड़ा शोरूम में अनुभवी एवं फ्रेसर लड़के, लड़की सेल्समेन काम करने वाला चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मगरपारा रोड,अपोजिट किम्स हॉस्पिटल बिलासपुर 9039204116, 9826168423 (32675)

**आवश्यकता है-**किराना दुकान में (Boys/ Girls) सेल्समेन (12-10, रामा मेग्नेटो मॉल) पार्ट/ फुलटाइम अकाउंटेंट/ हेल्पर (10-8 उसलापुर, सकरी) (वेतन 7000 से 12000+ बोनस) पता- A-130 नेचरसिटी, फेस-1, उसलापुर, बिलासपुर 7987551332, 7225849081 (32669)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम काम करने के लिए मेहनती लड़कों को आवश्यकता है सम्पर्क करें राम बलराम स्टोर शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827462262, 8305555570 (32687)

**आवश्यकता है-** रंग पेंट दुकान में अनुभवी सेल्समेन, अकाउंटेंट, एवं अन्य कार्य करने हेतु कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है सम्पर्क करे- बजाज पेंट पुराना बस स्टैण्ड एवं मंगला चौक बिलासपुर 9827167987, 9300617113 (32688)

**आवश्यकता है-**थोक दवा दुकान में पैकिंग तथा माल छोड़ने के लिये लड़को की आवश्यकता है पता मेलाराम हेमंत कुमार मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (32678)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (32900- 81770) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, चेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (सभी फ्री सुविधाएं) रायपुर 08929 328091 (2441)

**आवश्यकता है-**कपड़े दुकान में अनुभवी सेल्समैन/सेल्सगर्ल की तुरन्त आवश्यकता है सम्पर्क करें- नवनीत क्लाथ सेन्टर,मेन रोड सिटी कोतवाली के सामने शास्त्री मार्केट बिलासपुर 7000356120 (32676)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य करने हेतु 18 से 28 वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- मंगला चौक, बिलासपुर 8815960938 (32697)

**आवश्यकता है-**(1) कंप्यूटर और सेल्स के लिए लड़की (2) दुकान के लिए लड़के की जरूरत है पता- श्री शंकर इंटरप्राइजेज (इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम) तेलीपारा बिलासपुर संपर्क करेः- 9691169665 (2448)

**आवश्यकता है-** इन्दौर (MP) में ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वीं, 12वी, स्नातक पास लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा। पता- सरकण्डा बिलासपुर 9575712101, 7970225494 (32705)

**आवश्यकता है-**टीवीएस शोरूम में सेल्स, सर्विस, बैक आफिस हेतु योग्य व्यक्ति की आवश्यकता है। सम्पर्क करें चन्द्र टीवीएस महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर 78696 51234 (32656)

**आवश्यकता है-**आफिस कार्य टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 8वीं से ग्रेजुएशन तक सम्पर्क करें-मंदिर चौक बिलासपुर 7247256787 (32674)

**आवश्यकता है-**फ्रॉड कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां गृहणियां, स्टूडेंट, कमाए (21500- 67500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whats app करें- 9241650814 (6776)

**आवश्यकता है-**(1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य करने हेतु साइट इंजीनियर एवं साइट सुपरवाइजर (2) ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेन्सी शिक्षित ड्राइवर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (32667)

**आवश्यकता है-**हॉस्पिटल में खाना बनाने हेतु (केवल महिला)स्टाफ की आवश्यकता है समय सुबह 10:30 से रात 8 बजे तक वेतन 7500 सम्पर्क करें- सीएमडी चौक बिलासपुर 7000305315 (32666)

**आवश्यकता है-**सर्जिकल आफिस में काम हेतु लड़की एवं सामान छोड़ने, लाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता 12वीं, स्वयं की बाईक अनिवार्य। पता- श्री विनायक सेल्स, ए/158, अज्ञेय नगर, बिलासपुर 9893367787 (32673)

**आवश्यकता है-**मेडिकल होलसेल में पैकिंग, डिलवरी एवं दुकान में कार्य करने के लिए पढ़े लिखे लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें-जगत फार्मा, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (32672)

**आवश्यकता है-**नर्सिंग स्टाफ प्रसूति कार्य में अनुभवी की निजी नर्सिंग होम में आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9826134710, 76938 07006 (32668)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड 25, महिला गार्ड-5, फील्ड ऑफिसर-2 आवास फ्री वेतन 8000- 12000 योग्यतानुसार। पता- NSG राजू सर्विस सेंटर के बगल, शंकर नगर हेमू नगर गेट के पहले, 07752464611, 9303598122, 90093 25324, 9303280228 (32449)

**आवश्यकता है-**होलसेल सब्जी दुकान कृषि उपज मंडी में वसूली डिपार्टमेंट के लिए लड़के की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन 9000 से 13000 योग्यता अनुसार फोन मे संपर्क करने का समय सुबह 10 से 12बजे 9893599044 (2446)

**आवश्यकता है-**इत्र, पर्फ्यूम शोरूम में कस्टमर हेंडल करने, एकाउन्ट मेंटेन करने, मार्केटिंग एवं साफ सफाई हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- सुबह 10 से रात 9 तक 97559 74392 (32622)

**आवश्यकता है-**फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर-10, वेतन 14-20 हजार तक गार्ड 12-18 तक (PF+ ESIC + Bonus, खाना + आवास की सुविधा) 10वीं से स्नातक तक नोटः- वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को संपर्क- शिव सेक्युरिटी शॉप नं. 28 कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका, रेलवे स्टेशन, रायपुर (छ.ग.) फोन 0771- 4036689, 88067 70891, 7052408688 (1084)

**आवश्यकता है-**ग्लोबल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेन्ट भर्ती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500+ 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना, मेडिकल फ्री मार्क शीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। सम्पर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास, लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) 9109799525 (6301)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में टेलीकॉलिंग वर्क हेतु लड़कियों की एवं महिलाओं की आवश्यकता है, शिक्षा 8वी से ग्रेजुएशन तक संपर्क पताः- CMO ऑफिस के सामने सरकंडा SECL रोड बिलासपुर सम्पर्क करें-93406 43084, 6264277133 (2424)

## बेचना

**बेचना है-** प्लाट बेचना है भारतीय नगर चौक बालमुकुन्द स्कूल के पास डायवर्टेड 25×52 का एकमात्र प्लाट कालम से प्लीन्थ तक नींव बना एवं पटा हुआ शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 7869309226 (32227)

**बेचना है-**मुख्य मार्ग से मात्र 90मीटर पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट बाउंड्रीयुक्त परिसर मे मात्र 930/- प्रति वर्गफुट फाइनेंस उपलब्ध प्लॉट तोरवा लालखदान ओवर ब्रिज से आगे मेन रोड पर संपर्क ऑफिस- जेबीएस इंफ्रा डेवलपर्स संजय अग्रवाल जेपी रेसीडेंसी, होटल रेड डायमंड के पहले, मुर्राभटठा, बिलासपुर 9300000195, 93003 24970 (32587)

**बेचना है-** 71504 वर्गफीट का प्लाट प्राइम लोकेशन में खमतराई बिलासपुर में 150 फिट फ्रंट में साफ सुथरी रजिस्टर्ड प्रॉपर्टीज आवासीय /कमर्शियल, हॉस्पिटल, कांप्लेक्स, अपार्टमेंट एवं इन्वेस्टमेंट के लिए उत्तम बेचना है। 9406441535, 93008 78897 (2451)

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड- 49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK फ्लेट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 8839455596, 7697644444 (31998)

**बेचना है-**TNC Rera Approved प्लाट मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर लेआउट, डायवर्टेड प्रोजेक्ट 100 परिवार, निवासरत मंदिर, गार्डन, बाउंड्रीवॉल, गार्ड मात्र 1199/- वर्गफीट बैंक फाइनेंस सुविधा सम्पर्क करें- 97136 66001, 9993864783 (32320)

**बेचना है-** सर्व सुविधा युक्त 2BHK, 25×40= 1000 वर्गफीट में बना हुआ नवनिर्मित मकान गोकुलधाम बिलासपुर में बेचना है। 9340252857, 8319205101 (32681)

**बेचना है-** अल्का एवेन्यू उसलापुर 3BHK गार्डन के सामने पूर्व मुखी, रामा वर्ल्ड में 8वीं मंजिल पर फ्लैट, रामा वैली प्रीमियम 130 वर्गफुट प्लाट, व्यापार विहार मेन रोड में आफिस सम्पर्क 9300124222 (32699)

**बेचना है-** रायपुर रोड न्यू हाईटेक बस स्टैंड के सामने यदुनंदन नगर सेक्टर-डी RNM स्कूल के सामने 20×58, 40×58 डायवर्टेड प्लॉट उसलापुर नेचरसिटी कॉलोनी मैस विंडोज थर्ड फ्लोर 1BHK फ्लैट सम्पर्क- 9993770950 (32686)

**बेचना है-**DPS स्कूल एवं बस स्टैंड बिलासपुर से 1.5km जीएसटी आफिस से लगा 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620 7898918151 (31649)

**बेचना है-**न्यू हाईटेक बस स्टैण्ड से 2 किलोमीटर दूरी पर यदुनन्दन नगर तिफरा में 550/- प्रति वर्गफिट से लेकर 800/-, 1100/-, 1300/-, 1500/- तक प्लाट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 7770844420, 88897 37420 (32598)

**बेचना है-** नववर्ष धमाका सकरी 6लाख में प्लाट, उसलापुर रेडी मकान 30लाख, अमेरी T&C प्लाट 16लाख, 99% फाइनेंस सुविधा, नेचर सिटी 22लाख प्लॉट। बिलासपुर कोटा रोड 349/- प्लॉट। सम्पर्क करें- 9074731188, 89824 91977 (32670)

## किराया

**किराया -**किराये पर उपलब्ध 1 आरके मॉल के सामने महोबा बाजार में 4000 वर्गफीट निर्मित+ 2000 वर्गफीट शेड तथा 2.6600 फीट में निर्मित ऑफिस शोरूम दोनो ऑटो मोबाइल व शोरूम ऑफिस आदि के लिये उपयुक्त है सभी सुविधाओं व अप्रूबल के साथ संपर्क करें 9827113615, 9827472643 (3901)

**किराया-**चंदेला नगर में एक हाल, रूम किचन अटैच लेटबाथ किराये से देना है सम्पर्क करें MIG A-102, रिंग रोड- नं.2 चंदेला नगर बिलासपुर 7000354988 (32664)

**किराया -** तोरवा गुरूनानक चौक पेण्डलवार नर्सिंग होम के सामने एक सर्वसुविधा युक्त हाल प्रथम तल में 30×20 पानी एवं बाथरूम की सुविधा उपलब्ध किराए से देना है सम्पर्क करें- 07752404044 (32683)

## ज्योतिष

**ज्योतिष-**फ्री सेवा घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन, दुश्मन छुटकारा, लव मैरिज, रूठें मनाना, ग्रह कलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119 (12146)

## व्यापार

**व्यापार-**अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30000- 50000 प्रतिमाह कमाएं, आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 83599 13999, रायगढ़-78697 55871 (2447)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:-मो.9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:-मो.9826129386
- जे.जे.एडवरटाइजर्स:-मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो.9826705603
- एड प्रयास:-मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर.एडवरटाइजर्स:-मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:-मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो.9827466133, 9907047586

Education INSTITUTIONS

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
संपूर्ण भारत में 50 से अधिक केन्द्र
छत्तीसगढ़ में एकमात्र केन्द्र
सेनेटरी इंस्पेक्टर
स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा कोर्स
(न्यूनतम योग्यता -12वीं पास)
एक वर्षीय कोर्स
हॉलिडे बैच की सुविधा उपलब्ध
रोजगार के अवसर
नगर निगम / पालिका / पंचायत, रेल्वे, AIIMS, कंटोन्मेंट बोर्ड (रक्षा विभाग), पेस्ट कंट्रोल एजेंसीज, होटल एवं हॉस्पिटलिटी उद्योग, जलापूर्ति एवं विसंक्रमण एजेंसी, चिनी मिल, स्वच्छ भारत अभियान पर केन्द्रित संगठन एवं अन्य विभाग.
ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रवेश की सुविधा
स्वच्छता योद्धा बने
प्रवेश हेतु
संपर्क करें- 7987637627, 9977337777, 0771-4915511
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
प्रथम तल, आदर्श टावर, लिबास टेलर के बाजु, तात्यापारा चौक के पास, रायपुर, (छ.ग.) 492001,
Website: www.aiilsg.org

Medicare Specialists
ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद

- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

# यानिक सिनर ने खिताब जीत रचा इतिहास
# ऑस्ट्रेलियाई ओपन को मिला नया चैंपियन



**3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से जीता मैच**

**मेदवेदेव की 6 ग्रैंडस्लैम फाइनल में पांचवीं हार**

मेलबर्न। यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है। अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम में छह फाइनल में यह पांचवीं हार है।

### 10 साल बाद मिला नया विजेता

ऑस्ट्रेलियन ओपन को 10 साल बाद कोई नया चैंपियन मिला है। पिछली बार 2014 में स्विट्जरलैंड के स्टैन वावरिंका खिताब जीते थे। उनके बाद कोई नया चैंपियन नहीं मिला था। साल 2004 से स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के राफेल नडाल ही इस टूर्नामेंट को जीत रहे हैं। 2004 से फेडरर छह बार चैंपियन बने। जोकोविच ने उनसे ज्यादा 10 बार खिताब अपने नाम किया। वहीं, नडाल दो बार चैंपियन बने। इस बीच रूस के मराट साफिन 2005 और वावरिंका 2014 में सफल हुए थे।

### पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते, चौथे हारे

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की।



### सू वेई-मर्टेंस को महिला युगल खिताब

ताईवान की 38 वर्ष की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 11वीं वरीयता प्राप्त लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब था जबकि मर्टेंस ने चौथी बार जीता है। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन महिला युगल खिताब जीता था। मार्टिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

## खबर संक्षेप



### शाजी की बर्खास्तगी के लिए बैठक कल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। उच्च न्यायालय द्वारा हालांकि उनकी बर्खास्तगी पर रोक लगाने के आदेश के बावजूद उन्हें आमंत्रित किये जाने की संभावना नहीं है। बैठक के एजेंडे में एक विषय का उल्लेख है, 'महासचिव के पद से डॉ. शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी और सेवा समाप्ति। नहीं, मुझे एआईएफएफ की मंगलवार की कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।'

### हॉकी महिला विश्व कप में उपविजेता रही टीम इंडिया



**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री ने 20वें और रुतुजा दादासो पिसाल ने 23वें मिनट में गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने (दूसरा और 14वां मिनट), बेंते वान डेर वेल्ट (चौथा और आठवां), लाना काल्से (11वां और 27वां) और सोशा बेनिंगा (13वां मिनट) ने गोल किए। एफआईएच हॉकी5 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को तीन लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ लाख रुपए पुरस्कार देने का ऐलान किया है।

### तवांग में कयाकिंग टूर्नामेंट 5 फरवरी से



**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा के पास तवांगचू नदी पर छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट अगले महीने आयोजित किया जाएगा। इस नदी में तिब्बत की दो नदियां मिलती हैं जो बाद में तिब्बत से होकर ब्रहमपुत्र में मिल जाती हैं। पांच फरवरी से होने वाले 'तवांगचू टाइड्स' टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। आयोजकों द्वारा जारी बयान के अनुसार दुनिया भर के 130 कयाकर्स इसमें भाग लेंगे। इसका आयोजन अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के मार्गदर्शन में हो रहा है जो इसी प्रदेश से हैं।

**टेस्ट : ओली पोप ने बनाए 196 रन, हार्टले ने झटके 7 विकेट**

# हार्टले ने डेब्यू मैच में भारत को किया 'हर्ट' इंग्लैंड ने 28 रन से दर्ज की यादगार जीत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

ओली पोप (196 रन) के जोशीले शतक के बाद पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले (62 रन देकर सात विकेट) ने जादुई स्पैल डाला। इससे इंग्लैंड ने रविवार को यहां पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन हार्टले की फिरकी के जाल में फंसकर मेजबान टीम चौथे दिन दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का रवैया पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों अनुभवी स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई जिसे कुल मिलाकर केवल तीन अंतरराष्ट्रीय मैच का अनुभव है।



### हैदराबाद में पहली हार

साथ ही हैदराबाद के इस मैदान पर भारतीय टीम की यह टेस्ट इतिहास में पहली हार है. इस टेस्ट मैच से पहले तक इस मैदान पर भारतीय ने कुल 5 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से 4 जीते (लगातार) और 1 ड्रॉ (पहला मैच) रहा था। इस तरह हैदराबाद में भारतीय टीम की यह पहली हार है।

### टेस्ट डेब्यू में ही मचाया धमाल

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ बेन स्टोक्स ने टॉम हार्टली का डेब्यू कराया। भारत की पहली पारी में मात्र दो विकेट लेने वाले टॉम हार्टली का खूब मजाक बनाया गया। इसके बाद भारत की दूसरी पारी में कहर बनकर टूटे। हार्टली ने कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, अक्षर पटेल, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को अपना शिकार बनाया। हार्टली ने कुल 9 विकेट चटकाए।

### घर में सबसे शर्मनाक हार

भारत की यह अपने घर में अब तक इतिहास की सबसे शर्मनाक हार है। दरअसल, भारतीय टीम पहली बार अपने घर में पहली पारी में 100 या उससे ज्यादा रनों की बढ़त बनाकर हारी है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में 190 रनों की बढ़त बनाई थी।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का रोहित बो अश्विन | 31 | 33 | 4 | 1 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 47 | 52 | 7 | 0 |
| ओली पोप बो बुमराह | 196 | 278 | 21 | 0 |
| जो रूट पगबाधा बो बुमराह | 02 | 06 | 0 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो जडेजा | 10 | 24 | 1 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 06 | 33 | 0 | 0 |
| बेन फोक्स बो पटेल | 34 | 81 | 2 | 0 |
| रेहान का भरत बो बुमराह | 28 | 53 | 3 | 0 |
| टॉम हार्टली बो अश्विन | 34 | 52 | 4 | 0 |
| वुड का भरत बो जडेजा | 00 | 07 | 0 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32, कुल : 102.1 ओवर में 420/10
गेंदबाजी : बुमराह 16.1-4-41-4, अश्विन 29-4-126-3, पटेल 16-2-74-1, जडेजा 34-1-131-2, सिराज 7-1-22-0.

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा बो हार्टले | 39 | 58 | 7 | 0 |
| यशस्वी का पोप बो हार्टले | 15 | 35 | 2 | 0 |
| शुभमन का पोप बो हार्टले | 00 | 02 | 0 | 0 |
| राहुल पगबाधा बो रूट | 22 | 48 | 3 | 0 |
| अक्षर का एवं बो हार्टले | 17 | 42 | 3 | 0 |
| श्रेयस अय्यर का रूट बो लीच | 13 | 31 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा रन आउट | 02 | 20 | 0 | 0 |
| श्रीकर भरत बो हार्टले | 28 | 59 | 3 | 0 |
| अश्विन स्ट फोक्स बो हार्टले | 28 | 84 | 2 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 06 | 18 | 0 | 0 |
| सिराज स्ट फोक्स बो हार्टले | 12 | 20 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 69.2 ओवर में 202/10
गेंदबाजी : रूट 19-3-41-1, मार्क वुड 8-1-15-0, टॉम हार्टले 26.2-5-62-7, लीच 10-1-33-1, रेहान अहमद 6-0-33-0.

# हॉकी : भारत की 1-5 की हार से दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म



एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को यहां नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने 39वें मिनट में किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन (10वें और 28वें) ने दो गोल दागे जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प (16वें), जेप होडरमेकर्स (21वें) और कोएन बिजेन (35वें) ने एक एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया।

फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया। अंतिम 15 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ।

# वेस्टइंडीज ने 27 साल बाद आस्ट्रेलिया को दी शिकस्त



**ब्रिसबेन।** शामार जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर सात विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे।

# कोहली कभी नहीं गए एनसीए : रोहित

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

■ भारतीय कप्तान रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को किया प्रेरित

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि विराट कोहली ने शायद ही कभी फिटनेस से संबंधित रिहैबिलिटेशन के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कदम रखा हो। रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को इस दिग्गज बल्लेबाज की 'खेल में सुधार और फिटनेस के लिए मेहनत' का पालन करने की सलाह दी।

रोहित ने 'जियो सिनेमा' पर भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक से कहा, 'विराट कोहली अपने पूरे करियर में कभी भी एनसीए नहीं गए। मैं कहूंगा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनके जुनून से सीखना चाहिए। उसके कवर ड्राइव, फ्लिक और कट जैसे शॉट का अनुसरण करने से पहले आपको यह समझना होगा कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता क्या है जो उसे आज इस मुकाम पर पहुंचाती है। मैंने कोहली को काफी देखा है। उसने जो हासिल किया है उससे वह आसानी से संतुष्ट हो सकता है। वह कह सकते हैं कि मैं इन दो-तीन श्रृंखलाओं में आराम करूंगा, लेकिन वह हमेशा टीम के लिए मौजूद हैं।'




# भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे को सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत की डेविस कप टीम पाकिस्तान की यात्रा करने जा रही है। भारत सरकार ने अपनी डेविस कप टीम को पाकिस्तान जाने की मंजूरी दे दी है। लगभग 60 साल बाद भारतीय टीम डेविस कप मैच के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने जा रही है। पाकिस्तान उच्चायोग ने भारतीय डेविस कप टीम के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए वीजा भी जारी कर दिया है। भारत-पाकिस्तान के बीच डेविस कप में वर्ल्ड ग्रुप-1 मैच 3 और 4 फरवरी को इस्लामाबाद में निर्धारित है। आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने इस मैच को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने के अनुरोध को खारिज कर दिया था।

इंडियनऑयल IndianOil
CIN : L23201MH1959GOI011388
पाइपलाइन्स प्रभाग
विज्ञापन संख्याः पीएल/एचआर/ईएसटीबी/अप्रैं–2023–24
**शिक्षु अधिनियम, 1961 के अंतर्गत शिक्षुओं को रखे जाने के लिए अधिसूचना**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का पाइपलाइन्स प्रभाग आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिमी बंगाल में 473 तकनीकी शिक्षुओं (इंजिनियरिंग मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल/टी एण्ड आई में डिप्लोमा धारक) और ट्रेड शिक्षुओं (सहायक एचआर, अकाउंटेंट, डेटा एंट्री ऑपरेटर, डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर) को रखे जाने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

473 सीटों में से लगभग निम्नलिखित प्रकार से आरक्षण प्रदान किया जाएगाः अनुसूचित जाति–60, अनुसूचित जनजाति–29, अन्य पिछड़ा वर्ग–95, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग–38, पीडब्ल्यूबीडी–20। लेकिन सही संख्या में रिक्तियों और आरक्षण के लिए कृपया वेबसाइट **www.iocl.com** या **https://plapps.indianoilpipelines.in/** पर हमारी विस्तृत अधिसूचना को देखें।

शिक्षुओं को प्रति माह देय वजीफे की दर को प्रशिक्षु अधिनियम, 1961/1973 / प्रशिक्षु नियमावली 1992 (संशोधित) और निगम के दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा शामिल होगी। पात्रता के लिए कट–ऑफ तिथि 12.01.2024 के अनुसार उम्मीदवारों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष होनी चाहिए। आईओसीएल पर प्रशिक्षुओं को नियमित रोजगार देने की कोई बाध्यता नहीं होगी। **https://plapps.indianoilpipelines.in/** पर ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 01.02.2024 1800 बजे तक है।

भविष्य की सभी घोषणाएँ केवल आईओसीएल की वेबसाइट **www.iocl.com** और **https://plapps.indianoilpipelines.in/** इसे किसी अन्य वेबसाइट/माध्यम पर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उम्मीदवारों को उपरोक्त अधिसूचना पर अपडेट के लिए समय–समय पर आईओसीएल वेबसाइट को देखने की सलाह दी जाती है।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के संस्करण की व्याख्या के कारण अधिसूचना में कोई भी विसंगति/अस्पष्टता, इंडियनऑयल की वेबसाइट **www.iocl.com** पर अंग्रेजी संस्करण में दी गई अधिसूचना मान्य होगी।

**पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण टीम से लिया था आराम**

# फिट दीपक चाहर की निगाहें टी20 विश्व कप पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर व्यक्तिगत तौर पर चुनौतीपूर्ण दौर के कारण कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए लेकिन अब वह वापसी को तैयार हैं और उनकी निगाहें इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई हैं।

पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे और फिर इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। चाहर ने कहा, 'मैं अपने पिता की वजह से ही यहां हूं, जो भी मैंने हासिल किया है वो अपने पिता की वजह से ही हासिल किया। इस हालत में अगर उनके पास नहीं हूं तो मैं कैसा बेटा हूं? अगर यह श्रृंखला भारत में होती तो मैं निश्चित रूप से खेलने की कोशिश करता क्योंकि अगर जरूरत होती तो मैं चार-पांच घंटे में अस्पताल पहुंच सकता था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो तीन दिन वापस आने में लगते। तो मेरे लिए आसान फैसला अपने पिता के साथ रहने का था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा। मैं 25 दिन तक अपने पिता के साथ अस्पताल में था। वह आगरा में नहीं अलीगढ़ में थे। हम सभी को उनके साथ वहीं रूकना था। मैं बस कुछ व्यायाम ही कर पाता था। मैं कोई भी क्रिकेट गतिविधि नहीं कर रहा था इसलए मैं अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए तैयार नहीं था।'



### एनसीए में किया अभ्यास

चाहर ने कहा, 'मैंने एक महीने से अभ्यास नहीं किया था। मैं एनसीए गया और अभ्यास शुरू किया। मैं अब पूरी तरह फिट हूं। सब ठीक है और मैंने आईपीएल और विश्व कप के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है। मैं चोटों के कारण दो टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाया। अगर मैं पूरी तरह फिट होता तो मैं विश्व कप टीम का भी हिस्सा होता। किसी भी टीम संयोजन में हमेशा ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है तो जो सातवें, आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सके। मैंने ऐसा किया है और भारतीय टीम के लिए रन बनाए हैं।'

# हसदेव ताप विद्युत संयंत्र को सर्वश्रेष्ठ ताप गृह का पुरस्कार

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मी भी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने 210 मेगावाट हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की 210 मेगावाट इकाई-2 को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार प्रदान किया। चेयरमैन पी. दयानंद ने इस यूनिट को तीन लाख का पारितोषिक व प्रमाणपत्र प्रदान किया। छह कर्मियों और केंद्रीय कार्यालय स्तर पर सात कर्मियों को उत्कृष्ट पदक देकर सम्मानित किया गया। स्पेशल एक्सीलेंस अचीवमेंट अवार्ड कार्यपालक निदेशक एके पाण्डेय तथा कैशलेस स्वास्थ्य योजना के प्रभावी क्रियान्यवन के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत विनोद अग्रवाल सहित उनकी टीम के कोर 5 सदस्यों को सम्मानित किया गया।

बेस्ट परफार्मेंस के लिए पांच संभागों को 50-50 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें इस वर्ष न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर का पुरस्कार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग बिलासपुर को दिया गया। सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग बलौदाबाजार को प्रदान किया गया। इसी तरह सर्वोत्तम उपकेंद्र संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता उपकेंद्र संभाग-2 रावणभाटा रायपुर को दिया गया। ट्रांसमिशन कंपनी में सर्वोत्तम (लाइन संधारण) संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (कर्मशाला) संभाग भिलाई-3 को प्रदान किया गया। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ सिविल संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता(सिविल) संभाग, भिलाई-3 को दिया गया।

**इनको मिला पुरस्कार-** व्यक्तिगत पुरस्कारों में राज्य स्तर पर जनरेशन कंपनी के हसदेव ताप विद्युत गृह में पदस्थ एसई वायके दीक्षित, मड़वा में पदस्थ एसई धर्मेंद्र कुमार बंजारे, जगदलपुर में पदस्थ केशबो लाल नेताम, रायगढ़ की एई पुष्पा सिदार, धर्मजयगढ़ के एई राजेंद्र कुजूर, आमाबोड़ा (जगदलपुर) में कार्यरत राजूराम शोरी को पुरस्कार दिया गया। व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्यों के लिए ईई शशांक रैच, हितेंद्र कुमार मार्कण्डेय, फुल्लन चंद्राकर, पन्नालाल साहू, विंध्याचल गुप्ता के अलावा स्व. विजय प्रकाश कौशल के उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए मरणोपरांत सम्मान प्रदान किया गया, यह पुरस्कार उनके परिजनों ने ग्रहण किया। यह पुरस्कार डगनिया स्थित मुख्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मनोज खरे, एसके कटियार तथा कार्यपालक निदेशक व मुख्य अभियंता विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पुलिस आरक्षक परिवारों के बीच पहुंचे गृहमंत्री

रायपुर। पुलिस परिवार की समस्याएं जानने उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा रविवार को आरक्षक तथा उनके परिजनों से मिलने दोपहर 2 बजे अमलीडीह स्थित पुलिस हाउसिंग कॉलोनी पहुंचे। पुलिस परिवार के बीच पहुंचे गृहमंत्री ने कहा कि पुलिस परिवार के बीच पहुंचकर उन्हें यहां अपनेपन का एहसास हो रहा है। गौरतलब है कि गृहमंत्री श्री शर्मा पुरानी बस्ती थाना के आरक्षक नरेश मरकाम के परिजनों से मिलने जब उनके अमलीडीह स्थित पुलिस हाउसिंग कॉलोनी पहुंचे, तब श्री मरकाम वीआईपी ड्यूटी पर तैनात थे। कॉलोनी के लोगों को जैसे ही अपने बीच गृहमंत्री के पहुंचने की जानकारी मिली। कॉलोनीवासी उत्साहित हो गए और गृहमंत्री के स्वागत-सत्कार की तैयारी में जुट गए।

# न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस की जंबो समिति गठित, पूर्व मंत्रियों को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल संचालन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश स्तरीय विभिन्न समितियों का गठन किया है। प्रदेश में न्याय यात्रा के प्रवेश द्वार रायगढ़ से लेकर रामानुजगंज तक की यात्रा के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। यात्रा के अंतिम छोर की पूरी जिम्मेदारी पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को दी गई है।

वे तारा, उदयपुर से अंबिकापुर, राजपुर, बलरामपुर, रामानुजगंज तक राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल होंगे। राज्य के सात जिलों से होकर गुजरने वाली न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस संगठन ने तैयारी शुरू कर दी है। समिति में करीब 100 लोगों को शामिल किया गया है। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से मिली जानकारी के अनुसार न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में 18 फरवरी के आसपास पर ओडिशा के झारसुगुड़ा से रायगढ़ प्रवेश करेगी। प्रदेश स्तर की समिति में प्रचार समिति की जिम्मेदारी शैलेश नितिन त्रिवेदी, मार्ग और रूट समिति विकास उपाध्याय, मीडिया समिति सुशील आनंद शुक्ला, आमसभा समिति राजेश तिवारी, परिवहन समिति मोहम्मद अकबर, भोजन व्यवस्था समिति गजराज पगारिया, सांस्कृतिक समिति प्रशांत ठाकुर, प्रवेश पास समिति सुबोध हरितवाल, कंट्रोल रूम समिति दीपक मिश्रा, स्वास्थ्य सेवा समिति डॉ. राकेश गुप्ता और विधिक समिति में देवा देवांगन शामिल किए गए हैं।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com